

मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 37
अंक : 20
भोपाल, सोमवार
2 मार्च 2026
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com

03 प्रदेश में शांति, सुरक्षा और सौहार्द सर्वोपरि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप क्वालीफायर के ... 06

## विशेष संपादकीय-

### ईरान अमेरिका युद्ध में पेट्रोल संकट के संकेत, सोना- चांदी भी तेज

*28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने जैसे ही ईरान पर हमला किया और लगातार हजारों बम बरसा कर ईरान के तमाम सैनिक अड्डों को नष्ट करने का काम किया, वैसे ही यह बात साफ हो चुकी थी, कि अब पूरी दुनिया में पेट्रोलियम पदार्थ अथवा कच्चे तेल का संकट आ सकता है। वहीं जवाबी कार्रवाई में ईरान ने जहां-जहां से अमेरिका ने अपनी एयर फोर्स को अटैक के लिए लगाया था, उन तमाम देशों पर मिसाइल से हमला किया। यहां तक की दुबई के बुर्ज खलीफा के पास भी एक ईरानी मिसाइल जाकर गिरी। इससे अब साफ हो रहा है कि इस युद्ध में खाड़ी के तमाम देश भी धीरे-धीरे इंवॉल्व हो जाएंगे। वहीं ईरान में शिया समुदाय के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई की मौत के बाद पूरी दुनिया में तनाव की स्थिति बनी हुई है। शिया समुदाय के लोग दुनिया भर के देशों में उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। इजरायल तथा अमेरिका के दूतावासों पर कब्जा करने के चक्कर में पाकिस्तान में तो एक दर्जन लोग मारे भी गए हैं इस बीच ईरान के पास से होकर गुजरने वाली पैट्रोलियम पदार्थों या कच्चे तेल की सप्लाई लाइन को ईरान द्वारा रोकने की संभावनाओं के चलते अब दुनिया भर में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भारी उछाल की संभावना बनी हुई है। इसके साथ-साथ दुनिया भर के शेयर बाजारों पर भी इसका असर गंभीर रूप से देखने को मिलना शुरू हो चुका है। एक अनुमान के मुताबिक सोने की कीमतों में उछाल आने वाला है। सोना 2 लाख प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है, वहीं चांदी साढ़े तीन लाख रुपए किलो तक जा सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था को यह ईरान अमेरिका संघर्ष गहरे तक प्रभावित कर सकता है। फिलहाल एक अनुमान के अनुसार भारत के पास 74 दिन का पेट्रोलियम पदार्थों का स्टॉक है। लेकिन इसके बावजूद भी अगर यह संघर्ष लंबा चला तो भारत में भी इसका गहरा असर देखा जा सकता है।*

## उड़ता तीर




## अंतर्मना उवाच

***भूख के वक्त कुछ दिखाई नहीं देता.. लेकिन भूखा पेट बहुत कुछ दिखा देता है..!***

*दो प्रकार के लोग हैं इस वसुंधरा पर -- **एक वह जो जीने के लिये भोजन करते हैं और दूसरे वह जो खाने के लिए ही जीते हैं।** जीने के लिए खाने वाले लोग दिन में दो बार भोजन करते हैं - स्वास्थ्य के लिए और दीर्घकालीन जीने के लिए। खाने के लिए जीने वाले लोग दिन भर चटर पटर खायेंगे। खाने के लिए जीने वाले लोग स्वाद के लिए खायेंगे और डाक्टर के चक्कर लगायेंगे।*



***आज कल लोग मोटापा को कम करने के लिए अनेक प्रकार की दवाइयां और गोली खा रहे हैं, जो शरीर को भयंकर नुकसान दे रही है।** अगर हम 50 साल पहले के खान पान को देखें तो उस समय उतनी बीमारी नहीं थी, जितनी बीमारी आज बढ़ रही है कुकुरमुत्तो की तरह। पहले व्यक्ति दो बार भोजन करता था और 6-8 घंटे की नींद लेता था। आज यह सब खत्म सा हो गया है, क्योंकि आज हम जिस दौर से गुजर रहे हैं, वह दौर फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड का दौर है। जो कम से कम रुपये पैसे में मिलते हैं, वह पैक पैकेट आते हैं -- खोलो, गर्म पानी में डालो और सीधा खाओ। **आज मोटापा बढ़ने का कारण और बीमारी बढ़ने की वजह हमारा खान पान ही है।** बार-बार खाने पीने से शरीर में इन्सुलिन का स्तर बढ़ जाता है और मस्तिष्क पर तृप्ति केन्द्र कम संवेदनशील हो जाता है। फिर हमारी असली भूख मर जाती है, चटर पटर खाने की आदत लग जाती है। मोटापा और बीमारी उसी चटर पटर का परिणाम है।*

*सात्विक भोजन के खान पान से शरीर ऊर्जावान, मस्तिष्क तरोताजा और आत्म विश्वास जागृत बना रहता है। **स्वस्थ शरीर का मूल मंत्र है भोजन में संयम।** कम से कम भोजन करने की आदत डालना चाहिए, यह कठिन काम नहीं है, सिर्फ 7 दिन का अभ्यास ही हमें हजार बीमारियों से बचा सकता है और **हर मास एक उपवास** दीर्घकालीन जीवन दे सकता है। **भूख एक बीमारी है, भोजन उसकी औषधि है।** आदमी को भोजन औषधि समझकर करना चाहिए, ताकि दवाखाने ना जाना पड़े। **जो लोग भोजन को दबा-दबा के खाते हैं, वही लोग दवा खाने जाते हैं...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज






## बड़वानी के नागलवाड़ी स्थित शिखरधाम में मोहन सरकार की पहली कृषि कैबिनेट

# वरला-पानसेमल सिंचाई परियोजना को मंजूरी

### कैबिनेट में लिए गए फैसले

- किसानों के कल्याण के लिए 6 विभागों की 16 योजनाओं में फैसला
- इन योजनाओं में सरकार पर 27 हजार 746 करोड़ का भार आएगा।
- वरला ओर पानसेमल माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना को मंजूरी।
- सरसों फसल को भावांतर योजना में शामिल करने को मंजूरी।
- बड़वानी में आधुनिक नवीन कृषि उपज मंडी बनाई जाएगी।
- बड़वानी में खेतिया कृषि उपज मंडी को आदर्श कृषि उपज मंडी बनाएंगे।
- मछली उत्पादन से जुड़े कारोबार में निवेश को लेकर नई मत्स्य पालन नीति लाएंगे।
- नई नीति में मछली उत्पादकों को कोल्ड चेन में निवेश, मार्केटिंग स्ट्रक्चर तैयार करने, रेफ्रिजरेटेड वैन खरीदने और मछलियों के फीड प्लांट लगाने पर सब्सिडी का प्रावधान होगा।
- महाविद्यालयों में एग्रीकल्चर सब्जेक्ट पढ़ाने की तैयारी।

**सेंधवा ■ एजेंसी**

डॉ. मोहन यादव सरकार की अध्यक्षता में पहली कृषि कैबिनेट सोमवार को बड़वानी के नागलवाड़ी स्थित शिखरधाम में हुई। भीलटदेव मंदिर की तलहटी पर बने 8 एकड़ गार्डन को अस्थाई मंत्रालय को स्वरूप दिया गया है। यहां कृषि आधारित प्रदर्शनी, ग्रीन रूम, कैबिनेट हॉल और भोजनशाला के लिए विशाल एयर कंडीशनर शेड तैयार किए गए हैं। 24 फरवरी को विधानसभा सत्र के दौरान सीएम ने इसी घोषणा की थी। यह कैबिनेट प्रदेश की छठी डेस्टिनेशन बैठक है। कैबिनेट में निमाड़ के सात जिलों खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, आलीराजपुर पर फोकस रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रिमंडल के साथ शिखरधाम पहुंचकर बाबा भीलट देव के दर्शन किए। इसके बाद कैबिनेट बैठक के लिए आयोजन स्थल पहुंचे हैं। डॉ. यादव ने मंत्रीगणों के साथ प्रदेशवासियों की सुख एवं समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। भिलट देव निमाड़ क्षेत्र के आराध्य देव है, अतः आज वे आराध्य के दर्शन के साथ ही कैबिनेट बैठक की शुरूआत की।

**जनजातीय समुदाय के लोगों से संवाद**

**सीएम ने बाबा भीलट देव के दर्शन किए**



### किसान संघ ने किसानों से जुड़े मुद्दों पर ज्ञापन दिया

भारतीय किसान संघ ने किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर सांसद के माध्यम से सीएम को ज्ञापन दिया। भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष भगवान जी पटेल ने बताया कि जिले में बड़ी कृषि मंडी, ड्रिप एरिगेशन ओर सेंधवा निवाली लिफ्ट इरिगेशन के विस्तार की मांग की गई है।

### सीएम का बड़ी माला से भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री ने कहा कि निमाड़वासी बड़े सौभाग्यशाली हैं जो उन्हें मां नर्मदा का आंचल मिला है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री जनजातीय समुदाय के लोगों से संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री व मंत्रिमंडल जुलवानिया के भगोरिया हाट में भी शामिल होंगे। मंदिर समिति ने गुलाब की बड़ी माला से सीएम और मंत्रिमंडल का स्वागत किया। हेलीपैड पर आदिवासी लोककलाकारों के साथ फोटो खिंचवाई।

### पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए सीएम

सीएम यादव ने पीले कुर्ते के उपर खादी वाला जैकेट पहना है। जिसकी किनारी पर खास तरह की कढ़ाई की गई है। जिसमें छोटे-छोटे मानव आकृतियों के साथ लोकनृत्य और ढोल-नगाड़े जैसे दृश्य बने हैं। इस तरह की डिज़ाइन को आमतौर पर जनजातीय लोक आकृति कहा जाता है। इसमें सरल मानव आकृतियाँ, नृत्य करते लोग, वाद्य यंत्र और पारंपरिक जीवन के दृश्य बनाए जाते हैं।

## पश्चिम एशिया में संकट

### तेहरान के विभिन्न हिस्सों में आज भी जोरदार धमाके

# कुवैत-अबू धाबी समेत कई जगहों पर ईरान का हमला, अमेरिकी दूतावास में दिखा धुआं



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। अमेरिका और इस्राइल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ईरान पर हवाई हमले किए थे, जिनमें ईरान के कई शहर निशाने पर आए। आज फिर ईरान की राजधानी तेहरान के विभिन्न हिस्सों में लगातार जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं हैं। हालात लगातार बदल रहे हैं और क्षेत्र में संभावित बड़े संघर्ष का खतरा बढ़ गया है। नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता जारी है।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस्राइल के हवाई हमलों में कम से कम 31 लोग मारे गए और 149 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि घायल लोगों को तुरंत अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और राहत एवं बचाव कार्य जारी हैं। कुवैत में अमेरिकी दूतावास ने चेतावनी दी है कि देश में मिसाइल और ड्रोन हमलों का खतरा लगातार बना हुआ है। दूतावास ने कहा कुवैत में अमेरिकी नागरिकों से अनुरोध है कि वे सुरक्षित स्थान पर रहें, किसी हमले की स्थिति में सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा करें और संभावित हमलों के प्रति सतर्क रहें। दूतावास का सारा स्टाफ फिलहाल सुरक्षित स्थानों में मौजूद है और स्थिति पर निगरानी जारी है। इराक के एरबिल एयरपोर्ट के पास जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं हैं।

**कुवैत में लेबनान पर इजराइली हमलों में 31 की मौत**

### कतर एयरवेज की सभी उड़ानें स्थगित

*कतर की एयरलाइन कतर एयरवेज ने घोषणा की है कि देश के हवाई क्षेत्र के बंद रहने के कारण इसकी सभी उड़ानें स्थगित रहेंगी। एयरलाइन ने बताया कि जैसे ही कतर सरकार हवाई क्षेत्र को सुरक्षित घोषित करेगी, उड़ानों का संचालन फिर से शुरू कर दिया जाएगा।*



### 777 लोग अस्पताल में, कई गंभीर स्थिति में

इस्राइल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ऑपरेशन रॉरिंग लायन की शुरुआत से अब तक 777 लोग अस्पतालों में लाए गए, जिनमें से 86 लोग वर्तमान में अस्पताल या इमरजेंसी रूम में भर्ती हैं। मंत्रालय के अनुसार, चार लोग गंभीर स्थिति में हैं, जिनमें से दो मिसाइल हमलों के सीधे प्रभाव से नहीं जुड़े हैं। 20 लोग मध्यम स्थिति में हैं और 58 लोग सुरक्षित स्थिति में हैं। इसके अलावा, चार लोगों की अतिरिक्त चिकित्सा जांच की जा रही है।

### भारतीय दूतावासों ने जारी की एडवाइजरी

कुवैत में भारतीय एम्बेसडर, एम्बेसडर परमिता त्रिपाठी ने कुवैत में भारतीय समुदाय के लगभग 100 जाने-माने सदस्यों और भारतीय एसोसिएशन के प्रमुखों के साथ एक वर्चुअल बातचीत की। इनमें कुवैत, ऑस्ट्रिया, ओमान, लेबनान के भारतीय दूतावासों ने वहां फंसे भारतीयों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है।

### दिल्ली में प्रदर्शन के बाद सुरक्षा कड़ी

ईरान के सुप्रीम लीडर, अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताने के लिए हुए विरोध प्रदर्शनों और सभाओं के बाद नेशनल कैपिटल के कई हिस्सों में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। सावधानी के तौर पर सेंसिटिव इलाकों, खासकर डिप्लोमैटिक मिशनों और शिया आबादी वाले इलाकों में और पुलिस तैनात की गई है।

### खामेनेई की मौत पर हिंसक प्रदर्शन श्रीनगर में आज भी विरोध

### इंटरनेट डाउन-कर्फ्यू की स्थिति

ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के विरोध में सोमवार को पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। रविवार को पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा हुआ था। घुसपैठ करने वाले प्रदर्शनकारियों पर दूतावास के अंदर से गोलियां चलाई गई थीं। अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। 10 से ज्यादा घायल हैं। हंगामा इमामिया छात्र संगठन ने किया था। गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगाई है। भारत में भी खामेनेई की मौत के विरोध में शिया समुदाय सड़कों पर उतरा। जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में आज कर्फ्यू के हालात हैं, यहां पर इंटरनेट डाउन हैं। शोपियां, बारामूला में लोगों ने बाजार बंद रखा है।

### ईरान में अस्थायी नेतृत्व परिषद की दूसरी बैठक संपन्न

ईरानी न्यूज एजेंसी के अनुसार, अस्थायी नेतृत्व परिषद की दूसरी बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन, न्यायपालिका प्रमुख घोलामहुसैन मोहसनी-एजीई और अलीरेजा अराफी की उपस्थिति रही। बैठक का उद्देश्य नेतृत्व समन्वय और महत्वपूर्ण निर्णय प्रक्रिया पर चर्चा करना बताया गया है।

## इजरायल-ईरान तनाव से कांपा बाजार

# कच्चे तेल की कीमतों में 7 प्रतिशत से ज्यादा का आया उछाल

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

इजरायल-ईरान तनाव के हालात से सोमवार, 2 मार्च को ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। कारोबारी इस आशंका पर दांव लगा रहे हैं कि ईरान और पश्चिम एशिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति धीमी पड़ सकती है या ठप हो सकती है। ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में हमले लंबे समय तक जारी रहे तो कच्चे तेल और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आगे और बढ़ोतरी हो सकती है।

अमेरिका में उत्पादित वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल सोमवार सुबह लगभग 72 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जो शुक्रवार के लगभग 67 डॉलर के स्तर से करीब 7.3 प्रतिशत अधिक है। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 78.55 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जो शुक्रवार के 72.87 डॉलर से 7.8 प्रतिशत ज्यादा है। शुक्रवार का स्तर सात महीने का उच्चतम स्तर था।

ऊर्जा विश्लेषण कंपनी रिस्टैड एनर्जी के अनुसार, होर्मुज जलडमरुमध्य से प्रतिदिन लगभग 1.5 करोड़ बैरल यानी वैश्विक आपूर्ति का करीब 20 प्रतिशत कच्चा तेल होकर गुजरता है। यह तेल मार्ग विश्व का सबसे अहम 'चोकपॉइंट' माना जाता है। होर्मुज जलडमरुमध्य के उत्तर में ईरान स्थित है, जबकि इस रास्ते से सऊदी अरब, कुवैत, इराक, कतर, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ईरान का तेल एवं गैस निर्यात होता है। फरवरी के मध्य में ईरान ने सैन्य अभ्यास का हवाला देते हुए जलडमरूमध्य के कुछ हिस्सों को अस्थायी रूप से बंद किया था। उसके बाद तेल कीमतों में लगभग 6 प्रतिशत की तेजी आई थी।

### ईरान-इजरायल युद्ध का असर, चांदी 8000, सोना भी बेकाबू

इजरायल और ईरान के बीच जंग से मिडिल ईस्ट में भारी तनाव बना हुआ है। इस जंग के कारण सोने और चांदी के भाव में तगड़ी उछाल देखने को मिली है। मल्टी कमोडिटी मार्केट में 10 ग्राम सोने का भाव 4641 रुपये चढ़कर 1,66,745 रुपये पर पहुंच गया, जो 2.86 फीसदी की तेजी को दिखाता है। वहीं चांदी की कीमतों में 2.67 फीसदी या 8000 रुपये की तेजी आई है और यह 2.91 लाख प्रति किलो पर कारोबार कर रही है।

## मप्र सरकार ने घोषित किया दो दिन का अवकाश

### 3 मार्च के साथ 4 मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश

**भोपाल।** प्रदेश में होली पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। राज्य सरकार ने पहले ही तीन मार्च को होली के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था, लेकिन अब रविवार को जारी नए आदेश के अनुसार, अब तीन और चार मार्च 2026 दोनों दिन सार्वजनिक और सामान्य अवकाश रहेगा। यह आदेश 'निगोशिएबल इंस्ट्रुमेंट्स एक्ट 1881' के तहत लिया गया है। इस बार होली उत्सव का दिन बदलना आवश्यक था, ताकि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## संघ के सौ साल

**भोपाल ■ जगत**

आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) अपनी स्थापना 27 सितंबर 1925 (विजयादशमी) के साथ ही पूरे हिंदू समाज को तेजी से प्रभावित करने लगा था। संघ के स्वयंसेवक और प्रचारक सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का संदेश लेकर अनेक कठिनाइयां और बलिदान को देते हुए देश के कोने कोने में फैल गए। लेकिन इन सबके पीछे रणनीति बनाने वाले लोग सबसे महत्वपूर्ण थे। क्योंकि यही वह महत्वपूर्ण बाडी थी जो संघ की नीति रीति निर्धारित करती है। संघ की इस अतिमहत्वपूर्ण संरचना को अखिल भारतीय कार्यकारिणी कहते हैं।

# सबसे अधिक प्रभावी, संघ की वर्किंग बॉडी



### आरएसएस की प्रारंभिक कार्यकारिणी और संरचना की प्रमुख बातें

संघ संस्थापक व पहले सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार (1925-1940) थे जिनके साथ प्रथम सरकार्यवाह के रूप में गोपाल मुकुंद हुद्दार कार्यकारिणी में सहयोगी बने।

- **संघ की कार्यप्रणाली :** शुरुआत में नागपुर के मोहिते बाड़ा मैदान में दैनिक शाखाएं लगती थीं ,जिसमें 12-15 साल के लड़के व्यायाम और बौद्धिक गतिविधियों में शामिल होते थे।
- **संघ का वैचारिक आधार :** प्रारंभिक दौर में संघ पर हिंदू महासभा की विचारधारा का प्रभाव माना जाता रहा है लेकिन बाद में संस्था का उद्देश्य हिंदू राष्ट्र को मजबूत करना और राष्ट्रभक्ति को बढ़ावा देना था जिसके लिए शुरुआत में भगवा ध्वज को गुरु माना गया और उसके सामने ही प्रार्थना खेल और बैठकों का आयोजन किया गया।
- **सबसे महत्वपूर्ण प्रचारक व्यवस्था :** संघ की पहली कार्यकारिणी गठित होने के बाद संगठन के विस्तार के लिए प्रचारकों की अवधारणा लाई गई जो अपना जीवन संगठन को समर्पित करते थे। 1940 में हेडगेवार के बाद माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर (गुरुजी) दूसरे सरसंघचालक बने जिन्होंने संगठन को अखिल भारतीय स्तर पर फैलाया।

### कैसी थी संघ की पहली कार्यकारिणी

संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी में सबसे महत्वपूर्ण पद सरकार्यवाह का होता है, जिसके बाद उनके सहयोग के लिए सह-सरकार्यवाह भी रहते हैं। इसके साथ बौद्धिक प्रमुख, शारीरिक प्रमुख, समरसता प्रमुख जैसे अन्य महत्वपूर्ण दायित्व भी रहते हैं। पहली कार्यकारिणी में मुख्य भूमिकाएँ इस प्रकार थीं : सरसंघचालक के रूप में डॉ. हेडगेवार और गोपाल मुकुंद हुद्दार पहले सरकार्यवाह (कार्यकारी प्रमुख) थे। शाखा की शुरुआत भगवा ध्वज को नमन के साथ होती थी।

# भिंड-ग्वालियर हाईवे पर डंपर ने बाइक को टक्कर मारी:राइडर घायल

### हॉस्पिटल में चल रहा इलाज; रॉन्ग साइड से आ रहा था डंपर

ग्वालियर ■ निसं

ग्वालियर-भिंड हाईवे पर डंपर और बाइक की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने डंपर ड्राइवर को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर लिया है। घटना महाराजपुर थाना क्षेत्र के प्रेस्टीज कॉलेज के पास रविवार रात की है।

**रॉन्ग साइड से आए वाहन ने टक्कर मारी:** पुलिस के अनुसार, बाइक सवार युवक महाराजपुर से गले के मंदिर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से रॉन्ग साइड से आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक डंपर में फंस गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद बाइक को डंपर से बाहर निकाला। पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है और डंपर को जब्त कर लिया है।

### ग्वालियर सराफा में सबसे बड़ी होलिका दहन आज

# 25 हजार कंडों से हो रही तैयार, कोटेश्वर मंदिर से होगी होलिका दहन की शुरुआत

ग्वालियर ■ निसं

ग्वालियर में सोमवार को होलिका दहन के साथ रंगों के त्योहार होली की शुरुआत की जाएगी। सबसे पहले शाम 6:30 बजे गुप्तेश्वर मंदिर, 7:00 बजे सनातन धर्म मंदिर और आखिर में शाम 7:30 बजे अचलेश्वर मंदिर में होलिका जलाई जाएगी। ग्वालियर की सबसे बड़ी होली सराफा बाजार में जलाई जाती है। इस बार भी यहां 25 हजार कंडों से लगभग 15 फीट ऊंची होलिका बनाई गई है।

ग्वालियर में कुल 965 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। इनमें सराफा बाजार, अचलेश्वर महादेव मंदिर, सन, मोटे गणेश मंदिर और करौली माता मंदिर प्रमुख रहेंगे। सराफा बाजार में व्यापारियों द्वारा मुहूर्त में होलिका दहन शाम 7:00 किया जाएगा। 15 फीट ऊंची होली में होलिका की गोद में प्रह्लाद की प्रतिमा विराजित थी। जहां शहर के हजारों लोग इस विशेष होलिका दहन को देखने पहुंचते हैं।

**शुभ मुहूर्त और विशेष योग:** पंडित घनश्याम शास्त्री ने बताया- 2 मार्च को फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा शाम 5:55 बजे प्रारंभ होगी। पूर्णिमा के साथ ही भद्रा का भी आगमन हो जाएगा, जो अगले दिन 3 मार्च को सुबह करीब 5:28 तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार भद्रा काल में होलिका दहन वर्जित माना जाता है,



किंतु इस बार 3 मार्च को पूर्णिमा प्रदोष व्यापिनी (शाम के समय) नहीं है इसलिए 2 मार्च को ही दहन शास्त्रोक्त है।

होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 2 मार्च की 6:21 बजे से 7:19 बजे तक रहेगा। वहीं सामान्य मुहूर्त रात्रि 2:37 से पूर्व तक रहेगा, इसके साथ वर्जित समय रात्रि 2:37 से 4:33 के मध्य दहन कदावी न करें।

**सनातन धर्म मंदिर में 3000 कंडों से जली होली:** शहर के प्रमुख सनातन धर्म मंदिर में परंपरा के अनुसार रात 7:00 बजे होलिका दहन किया जाएगा। यहां 3000 कंडों से बनी होली जलाई जाएगी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने होलिका की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना की और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देंगे।

**होलिका दहन की यह होती हैं विधि:** ज्योतिष आचार्य घनश्याम शास्त्री के अनुसार, होलिका दहन से पहले लकड़ियों को कच्चे सूत से तीन या सात बार लपेटना चाहिए। इसके बाद गंगाजल या शुद्ध जल, फूल, कुमकुम, माला, रोली, अक्षत, बताशे, गुड़, साबुत हल्दी, गुलाल और नारियल से पूजा करनी चाहिए। पूजा के दौरान उत्तर या पूर्व दिशा की ओर मुख करके बैठना शुभ माना जाता है।

**हिंदू रीति-रिवाज में नवविवाहिता के लिए विशेष परंपरा:** शास्त्रों के अनुसार होलिका अष्टक के दौरान नवविवाहिता को ससुराल की पहली होली नहीं देखनी चाहिए। इसलिए परंपरा के अनुसार, ऐसी युवतियों को पहली होली मायके में मनाने की सलाह दी जाती है। ग्वालियर में होलिका दहन के साथ ही रंगों के इस उत्सव की शुरुआत हो गई है, जो अब रंग पंचमी तक जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नींद आने से बाइक पर पीछे बैठे युवक गिरा, गंभीर घायल; इंदौर रेफर

**शाजापुर।** शाजापुर के नेशनल हाईवे-52 पर सोमवार सुबह करीब 8 बजे एक सड़क हादसा हो गया। एक बाइक पर सवार दो युवक दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे में एक युवक को गंभीर चोटें आईं, जबकि दूसरे को मामूली चोटें लगीं। घटना सुनेरा थाना क्षेत्र के अभयपुर गांव के पास हुई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को इंदौर रेफर कर दिया गया। डायल 112 पर पदस्थ प्रधान आरक्षक बैजनाथ सिंह सेमरी के अनुसार, दोनों युवक गुजरात से सारंगपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे युवक शाकिर अली को नींद आ गई और वह चलती बाइक से नीचे गिर गए। इस अचानक घटना से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में युवक को गंभीर चोटें आईं, जबकि बाइक चला रहे साहिल अली को हल्की चोटें आई हैं।

### मछंड चौकी पर पदस्थ आरक्षक की मौत

**भिंड।** भिंड के रौन थाना क्षेत्र की मछंड चौकी में पदस्थ आरक्षक बृजमोहन तोमर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। आरक्षक रविवार रात में ड्यूटी के दौरान पास के एक ढाबे पर खाना खाने गए थे, जहां नींद आने पर वे लकड़ी के तख्त पर ही लेट गए। बताया जा रहा है कि काफी देर तक न जागने पर ढाबा संचालक और आसपास के लोगों ने उन्हें उठाने की कोशिश की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रविन्द्र तोमर मौके पर पहुंचे और आरक्षक को तत्काल जिला अस्पताल भिंड ले जाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली।

### मंडला के खालसा ढाबा के पास मिला युवक का शव

**मंडला।** मंडला। महाराजपुर थाना क्षेत्र में खालसा ढाबा के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रमन मरावी (23) पिता मिट्ठन मरावी, निवासी ग्राम खिरसारु रमगढ़ी, थाना बम्हनी के रूप में हुई है। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे युवक का शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल के पास ही एक बाइक भी पड़ी मिली। सूचना मिलते ही महाराजपुर पुलिस मौके पर पहुंची।
पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

### करीबी निकला लूट का मास्टरमाइंड, गुड़गांव से पांच गिरफ्तार

**ग्वालियर।** ग्वालियर में दिनदहाड़े कैश से भरा बैग लूटने वाले लुटेरे, प्लानिंग करने वाले मास्टरमाइंड समेत पांच बदमाशों को पुलिस ने गुड़गांव (गुरुग्राम) हरियाणा से गिरफ्तार किया है। लूट की प्लानिंग फरियादी के करीबी ने की थी। वह पहले भी कई बार कलेक्शन एजेंट को कैश दे चुका था। वारदात वाले दिन भी 1.5 लाख रुपए कैश दिया था। जिसकी रैकी अपने साथियों को दी थी। एक्टिवा सवार लुटेरे भी यही सोचकर आए थे कि बैग में डेढ़ लाख रुपए हैं। वारदात के बाद जब वह गोला का मंदिर पर अपने रूम पर पहुंचे और बैग खोला तो उसमें 6.85 लाख रुपए निकले थे। जिसे देखकर लुटेरों ने सोचा बड़ा दांव हाथ लगा है। यहां वह रुपए आपस में बांटने के बाद गुड़गांव निकल गए थे। वे यही सोच रहे थे कि उन्होंने फुल प्रूव प्लानिंग कर वारदात को अंजाम दिया है, लेकिन पुलिस उनकी तलाश करते हुए गुड़गांव पहुंची और पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को खुलासा किया है।

### सागर में होली पर हुड़दंग मचाने पर होगी कार्रवाई

# चौक-चौराहों पर तैनात रहेगी पुलिस, नशे में वाहन चलाते पकड़ाए तो लगेगा 10 हजार का जुर्माना

सागर ■ निसं

होली पर्व के चलते सागर पुलिस ने शहर समेत जिले में सुरक्षा के बंदोबस्त कर लिए हैं। धुलेंडी पर हर चौक-चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की टीमें लगातार निगरानी करेंगी। इस दौरान यदि कोई हुड़दंग मचाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नेश की हालत में वाहन चलाते पकड़े जाने पर वाहन मालिक के खिलाफ 10 हजार रुपए जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों को लेकर पुलिस अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गश्त कर रही है। सड़क पर गश्त कर संदिग्ध की चेकिंग की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, होली को लेकर जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पैदल पेट्रोलिंग, वाहन चेकिंग और रात्रि गश्त को संचालित किया जा रहा है। ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर तत्काल रोक लगाई जा सके। इसके साथ ही धुलेंडी पर्व पर सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से शहर की हर गतिविधि की निगरानी की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ई-चालान की कार्रवाई भी की जाएगी। सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर शांतिपूर्ण तरीके से त्याहोर मनाने की अपील की गई है।

**संदिग्ध और बदमाशों की चेकिंग:** कटरबाज, गुंडा तत्व, निगरानी बदमाश और आदतन अपराधियों की विशेष जांच की जा रही है। जिला बदर, प्रतिबंधित बदमाशों की गतिविधियों पर पुलिस टीमें नजर रख रही हैं। होटल, लॉज, ढाबों और सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त और विशेष निगरानी है।

**वाहन चेकिंग कर कार्रवाई की जाएगी:** त्योहार के दौरान वाहन चेकिंग की जाएगी। नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने पर 10 हजार रुपए का चालान और कार्रवाई की जाएगी। तीन सवारी, ओवर स्पीड, स्टंटबाजी, लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई होगी।



### साइबर सेल कर रही सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग

त्योहारों को लेकर फेसबुक, वाट्सऐप, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) समेत सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की मॉनिटरिंग की जा रही है। भ्रामक, सांप्रदायिक या आपत्तिजनक खबरें, पोस्ट, वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अफवाह फैलाने या कानून व्यवस्था प्रभावित करने पर आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही परीक्षाओं ध्यान में रखते हुए निर्धारित समय सीमा के बाद डीजे बजाने या अत्याधिक तेज ध्वनि में साउंड सिस्टम चलाने पर साउंड सिस्टम जब्त कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### कानून व्यवस्था बनाने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई

होलिका दहन 2 मार्च, धुलेंडी 3 मार्च और रंगपंचमी 8 मार्च को मनाई जानी है। जिसको देखते हुए कलेक्टर संदीप जीआर ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेश के अनुसार संदीप तिवारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सागर की ड्यूटी कोतवाली थाना क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राहुल गौड़ सागर ग्रामीण की ड्यूटी मकरोनिया थाना क्षेत्र, प्रतीक रजक नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सागर की ड्यूटी कैंट थाना क्षेत्र, बहादुर सिंह नायक नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी मोतीनगर थाना क्षेत्र और देवीप्रसाद चक्रवर्ती अधीक्षक भू-अभिलेख की ड्यूटी सिविल लाइन और गोपालगंज थाना क्षेत्र में लगाई गई है। संपूर्ण कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी एसडीएम अमन मिश्रा और सीएसपी ललित कश्यप पर रहेगी।

# ईरान पर हुए हमले में खामेनेई की मौत के बाद इंदौर में शोक प्रदर्शन

### नारेबाजी कर जताया विरोध



इंदौर ■ निसं

ईरान पर हुए हमले और खोमेनेई सहित शिया मुस्लिमों की मौत के विरोध में इंदौर के कागदीपुरा में शोक प्रदर्शन हुआ। काले कपड़ों में जुटे शिया समुदाय के युवाओं ने मस्जिद के बाहर पोस्टर लगाकर मातम मनाया और नारेबाजी की।

ईरान पर हुए हमले में खोमेनेई सहित मारे गए शिया मुस्लिमों को लेकर इंदौर में शोक मातम हुआ। इंदौर की कागदीपुरा में मुस्लिम समाज के लोग एकत्र हुए। इनमें ज्यादातर युवक थे। वे काले लिबास में आए थे। मस्जिद के बाहर खोमेनेई के दस से ज्यादा पोस्टर लगे हुए थे। उन्होंने मातम प्रदर्शन किया और नारे भी लगाए। मस्जिद के बाहर शोक प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद कागदीपुरा में पुलिस बल भी तैनात हो गया था। रात दस बजे तक शोक प्रदर्शन हुए और नारेबाजी कर शिया समुदाय ने विरोध जताया। ईरान पर हुए अमेरिका और इजराई के हमले के कारण वहां के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई सहित कई शिया मुस्लिमों की मौत की खबर के बाद इंदौर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में शोक प्रदर्शन हुए। शहर के कागदीपुरा इलाके में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग जमा हुए और अपना विरोध दर्ज कराया। समाज के लोगों ने मातम मनाकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और नारेबाजी कर विरोध भी दर्ज कराया।

प्रदर्शन में शामिल होने आए ज्यादातर लोग काले कपड़ों में पहुंचे थे। युवाओं की तादाद काफी अधिक थी, जो हाथों में बैनर और पोस्टर थामे हुए थे। मस्जिद के बाहर खोमेनेई के करीब दस से ज्यादा बड़े पोस्टर लगाए गए थे, जो वहां के घटनाक्रम के प्रति समुदाय की एकजुटता को दर्शा रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने मस्जिद के बाहर जमा होकर न केवल मातम किया, बल्कि नारेबाजी कर अपना कड़ा विरोध भी जताया।

### खुरई में टायर फटकर दूसरी बाइक से टकराई

# हादसे में दो महिलाएं समेत 6 घायल, सभी घायलों का इलाज जारी

बीना ■ निसं

खुरई के राहतगढ़ रोड स्थित ऑडिटोरियम के पास रविवार रात एक बाइक के टायर फटने से हादसा हुआ। टायर फटने के बाद सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में दो महिलाओं सहित छह लोग घायल हो गए। घायलों में से एक शख्स की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे सागर रेफर किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शी ओम पटेल ने बताया कि वे अपने साथियों के साथ ऑडिटोरियम के पास खड़े थे, तभी दो बाइकों की टक्कर हो गई। उन्होंने और अन्य स्थानीय लोगों ने मिलकर सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

**सभी घायलों का इलाज खुरई अस्पताल में जारी है:** घायल सुनील अहिरवार (32), जो जरवांस के निवासी हैं, ने बताया कि वे अपने दोस्तों अर्जुन अहिरवार (24) और नरेंद्र अहिरवार (21) के साथ दुकान का सामान खरीदकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक का टायर फटने से यह हादसा हुआ। इस टक्कर में अर्जुन अहिरवार को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया है।



दूसरी बाइक राहतगढ़ थाना क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी मनीष कुशवाहा (20) चला रहा था। उसके साथ मीना पटेल (40) और अनीता पटेल (35) भी सवार थीं। इन तीनों को भी गंभीर चोटें आई हैं।

सभी घायलों का इलाज खुरई अस्पताल में जारी है। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चरित्र शंका में पत्नी की हत्या कर पति ने किया सुसाइड

**खंडवा।** खंडवा में रविवार को एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस को उसके पति की तलाश थी। उसकी तलाश चल रही थी रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिल गया। शव की पहचान की गई तो हत्या कर फरार हुए महिला के पति के रूप में उसकी शिनाख्त हुई। पुलिस ने पति-पत्नी के दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। फिलहाल पुलिस और एफएसएल टीम जांच में जुट गई हैं। मामला हरसूद थाना क्षेत्र के ग्राम दमदमा का हैं। यहां रविवार शाम को एक महिला का शव गांव के नाले में मिला। महिला की पहचान फूलवतीबाई पति रामप्रसाद कलम (35) के रूप में हुई। शव को बारीकी से देखने पर सिर के पीछे गंभीर चोंट देखी गई। हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने जांच की तो महिला के पति पर ही शक हुआ। महिला का पति रामप्रसाद ना मौके पर आया और ना ही घर पर मिला। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई तो लेकिन पुलिस को रातभर कोई सुराग नहीं मिला। हरसूद टीआई राजकुमार राठौर का कहना है कि, हत्या के मामले में पुलिस जांच कर रही थी। एक टीम महिला के पति की तलाश में थी। हत्या का संदेही आरोपी वहीं था।

### तेज आवाज में डीजे बजाने पर क्लब मैनेजर पर केस

# 5 आयोजकों पर भी कार्रवाई, रहवासियों ने की थी शिकायत

इंदौर ■ निसं

इंदौर में तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत पर तुकोगंज पुलिस ने रविवार रात यशवंत क्लब के मैनेजर और आयोजकों सहित पांच लोगों पर मामला दर्ज किया। कार्रवाई रहवासियों की शिकायत के बाद की गई।

तुकोगंज थाना प्रभारी जितेंद्र यादव के अनुसार यशवंत क्लब में मैनेजर मजहर खान, आयोजक तेजवीर खान, हेमंत बिजोरे निवासी नंदानगर, स्वराज पाठक निवासी रेजीडेंसी क्षेत्र और चंचल वर्मा के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई। मौके पर पुलिस को तीन स्पीकर तेज आवाज में बजते मिले।

**जंजीर वाला चौराहे पर डीजे संचालक पर कार्रवाई:** पुलिस ने जंजीर वाला चौराहे के पास एक शादी समारोह में तेज आवाज में डीजे बजाने पर डीजे संचालक अमित बागरे निवासी न्यू पलासिया के खिलाफ भी कार्रवाई की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियमों के उल्लंघन पर प्रकरण दर्ज किया।

फार्म हाउस में डीजे और हुक्का


### दैनिक अमृत दर्शन समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण

## घोषणा

(फार्म-4)

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल | : | भोपाल |
| 2. प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : | डी.पी. गोयल |
| क्या भारत का नागरिक है | : | हाँ |
| पता | : | सुखसागर, 6 पत्रकार नगर, कोलार नाका रोड, भोपाल (म.प्र.) |
| 4. प्रकाशक का नाम | : | डी.पी.गोयल |
| क्या भारत का नागरिक है | : | हाँ |
| पता | : | सुखसागर, 6 पत्रकार नगर, कोलार नाका रोड, भोपाल (म.प्र.) |
| 5. संपादक का नाम | : | डी.पी.गोयल |
| क्या भारत का नागरिक है | : | हाँ |
| पता | : | 1, अमृत कुंज, पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार व हिस्सेदार हो। | : | डी.पी.गोयल सुखसागर, 6 पत्रकार नगर कोलार नाका रोड, भोपाल (म.प्र.) - 462003 |

मैं डी.पी.गोयल एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य है।

हस्ताक्षर
डी.पी.गोयल
(प्रकाशक के हस्ताक्षर)

दिनांक :2 मार्च 2026


### राज्यसभा सदस्य की गाड़ी को टक्कर मारने वाला पकड़ाया

# 9 दिन से दे रहा था चकमा, पुलिस लिखे स्टीकर से हुई पहचान, 40 कैमरे खंगाले

जबलपुर ■ निसं

राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि की कार को टक्कर मारने वाले युवक को रांझी पुलिस ने एक मार्च को पकड़ लिया है। वह नौ दिन से पुलिस को चकमा दे रहा था। युवक ने 20 फरवरी को गोकलपुर के पास वाल्मीकि की गाड़ी को अपनी तेज रफ्तार कार से उस समय पीछे से टक्कर मार दी थी, जब वे अपने गनमैन और पीए के साथ अपने निवास रांझी जा रही थीं।

घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई थी पर टक्कर के बाद से वाल्मीकि की तबीयत बिगड़ी हुई है। उनके ड्राइवर विलास सेन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। पुलिस ने गोकलपुर से रांझी के बीच के करीब 40 सीसीटीवी कैमरे खंगाल डाले पर कार की रफ्तार अधिक होने के कारण नंबर ट्रेस नहीं हुआ। हालांकि पीछे लगे पुलिस लिखे स्टीकर ने पुलिस की मदद की और चालक पकड़ा गया।

**शादी समारोह से लौट रही थीं राज्यसभा सदस्य:** राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि 20 फरवरी की रात करीब 11 बजे अंधमूक बाइपास से कार क्रमांक [illegible]20-श्व-7788 में सवार होकर रांझी अपने निवास जा रही थीं। रात करीब साढ़े 11 बजे जैसे ही उनकी कार गोकलपुर के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही सफेद कार ने टक्कर मार दी, जिससे राज्यसभा सदस्य की कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।




### स्टीकर ने पुलिस को आरोपी तक पहुंचाया

वाल्मीकि की कार को टक्कर मारने के बाद कार सवार चालक मौके से फरार हो गया। रफ्तार अधिक होने के कारण कार का नंबर भी चालक, गनमैन नहीं देख पाए। पुलिस ने 3 किलोमीटर के भीतर लगे 40 से अधिक कैमरे भी खंगाल डाले, पर रफ्तार अधिक होने के कारण नंबर ट्रेस नहीं हो पाया। पुलिस ने कार की 10 से अधिक फोटो लीं, जिनमें पुलिस लिखा स्टीकर लगा हुआ दिखा। रांझी सीएसपी सतीष साहू के साथ थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी और उनकी टीम ने रांझी, खमरिया में 20 से अधिक स्विफ्ट कार को तलाश डाला, पर सफलता हाथ नहीं लगी।

## होलिका दहन के लिए गोकाष्ट से बनाई होली



# होलिका दहन आजः 52 सेंटरों से शहरवासियों ने 1800 क्विंटल गोकाष्ठ की खरीदी की

भोपाल ■ अमृत दर्शन

हमारे जंगलों को कटने से बचाने और गऊ माता के संवर्धन की पुनीत भावना को लेकर गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति विगत नो वर्षों से होलिका दहन पर्व पर शहरवासियों को लकड़ी के श्रेष्ठ विकल्प के रूप में गोकाष्ठ उपलब्ध करा रही हैं । यह गोकाष्ठ तीस किलो के कपड़े के बैग में उपलब्ध कराई जा रही है । जो तीन सो रुपए में आमजन को दी जा रही है ।गोकाष्ठ परिवार के अध्यक्ष अरुण चौधरी ने बताया की जनता को सुगमता से गोकाष्ठ मिल सके इसलिए हमारी कमेटी ने पूरे शहर के हर हिस्सों को कवर करते हुए 52 गोकाष्ठ विक्रय सेंटर बनाए है ।और रविवार को शहरवासियों ने इन सेंटरों से 1800 क्विंटल गोकाष्ठ क्रय की । शहर के प्रमुख गोकाष्ठ विक्रय सेंटर । प्लेटिनम प्लाजा माता मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर शिवाजी नगर, मां कालिका मंदिर कामधेनु गोशाला भदभदा रोड, भोजपुर क्लब अरेरा कॉलोनी, शुभम् नर्सरी पटेल नगर, गुजराती कॉलोनी बावड़ियां कला, नर्मदा इंडस्ट्रीज गोविंदपुरा, श्री राम मंदिर हमीदिया रोड, मंगलवारा थाने के पास, मानस भवन श्यामला हिल्स,शुभम् नर्सरी होशंगाबाद रोड, गोमती कॉलोनी नेहरू नगर, मानस उद्यान गुफा मंदिर, दैनिक भास्कर मुख्यालय एम पी नगर, मिलन केटर्स बरखेड़ा, आदित्य एवेन्यू एयरपोर्ट रोड, ग्लोबस ग्रीन एकड़ फेस टू क्लब हाउस लालघाटी, मंदाकिनी ग्राउंड कोलार, अरेरा क्लब लिंक रोड नंबर एक, प्रेम कुटी नादरा बस स्टैंड, चलित वाहन जंबूरी मैदान, करोंद चौराहा, मेहता मार्केट, बैरागढ़ थाना, रातीबड़ चौराहा, लालघाटी चौराहा, पीपुल्स मॉल, मिनाल रेसीडेंसी चौराहा । उपरोक्त स्थानों पर शहरवासियों को सुगमता से गोकाष्ठ उपलब्ध रहेगी ।

गोकाष्ठ समिति के समन्वयक पंडित मम्तेश शर्मा ने बताया कि शहरवासियों की सुविधा के लिए समिति द्वारा इस वर्ष बहुतायत में गोकाष्ठ संग्रह की गई हैं किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी । इस अभियान से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अजय दुबे 9826489749, डॉ योगेंद्र सक्सेना 8817677175, प्रमोद चुग 9425008240, अरुण चौधरी 9425011312, मम्तेश शर्मा 9300068899, हेमंत अजमेरा 9425019786, अमित शुक्ला 9926535535, रामबाबू शर्मा 9826058770, रजनीश त्रिपाठी 9009371524, पूर्णा सिंह 9589680538, समता अग्रवाल 9301219600, मीता वाधवा 9893043463, लक्ष्मी नारायण राजपूत 9826745576, शैलेंद्र निगम 9425011013, सुनील जेनाविन 9300473631 से संपर्क कर सकते हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपी में होली पर गर्मी, पंचमी पर बारिश

**भोपाल ।** मार्च के पहले ही दिन रविवार को मध्य प्रदेश तप गया । निमाड़ यानी, इंदौर संभाग के खरगोन में पारा 35.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया । वहीं, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन–जबलपुर भी गर्म रहे । मौसम विभाग ने अगले 4 दिन के अंदर दिन के पारे में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी के आसार जताए हैं । मौसम विभाग के अनुसार, 4 मार्च को नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है । इस वजह से रंगपंचमी या इससे पहले प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने के आसार हैं । रविवार को पचमढ़ी को छोड़ प्रदेश के सभी शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री या इससे ज्यादा ही रहा । मौसम विभाग के अनुसार, मार्च से मई के बीच पूरे प्रदेश में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है । दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होगी । मार्च से ही असर बढ़ेगा । हालांकि, हीट वेव का असर अप्रैल–मई में ही ज्यादा रहेगा । मार्च के पहले दिन रविवार को प्रदेश में मौसम साफ रहा । तेज धूप निकलने की वजह से तापमान में बढ़ोतरी हुई । धार, गुना, ग्वालियर, खंडवा, खरगोन, श्योपुर, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, सतना, सिवनी में तापमान 33 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया ।

### बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे या पोल के पास होली न जलाएं : ऊर्जा मंत्री तोमर

**भोपाल ।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएँ दी हैं । साथ ही विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे होलिका दहन के पर्व पर विद्युत सुरक्षा एवं सावधानियाँ रखकर सुरक्षित होली मनाएं । उन्होंने सभी से अपील की है कि वे बिजली लाइन के नीचे, ट्रांसफार्मर के नीचे या पोल के आसपास होली न जलाएं, क्योंकि इससे तार अथवा विद्युत उपकरण पिघल सकते हैं और दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है । देखते ही देखते छोटी–सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है । उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि होलिका दहन का कार्यक्रम बिजली लाइनों के नीचे व आसपास न करें । मंत्री तोमर ने मिठाई, रंग–गुलाल, पूजन सामग्री आदि की दुकानें एवं होली पर्व से जुड़ी अन्य सामग्री के विक्रय के लिये लगाई जाने वाली अस्थाई दुकानों की प्रकाश व्यवस्था के लिये व्यापारी बँधुओं से अनुरोध किया है कि वे नियमानुसार अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली ट्रांसफार्मरों एवं बिजली की लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाकर ही स्थापित करें, जिससे विद्युत दुर्घटनाओं से बचा जा सके ।

### अरेरा हिल्स में 12 गुंडे-बदमाश गिरफ्तार, दो दिन में कुल 16 गिरफ्तार

**भोपाल ।** राजधानी में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने अरेरा हिल्स क्षेत्र में सख्त कार्रवाई की है । भोपाल पुलिस के निर्देश पर थाना अरेरा हिल्स पुलिस ने भीमनगर और रोशनपुरा झुग्गी इलाके में शांति व्यवस्था भंग करने वाले 12 लोगों को गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के तहत जेल भेज दिया । पुलिस के मुताबिक 26 फरवरी को चार लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था । इसके अगले ही दिन 27 फरवरी को फिर से अभियान चलाते हुए 12 आरोपियों को पकड़ा गया । आरोपियों में भीमनगर और रोशनपुरा क्षेत्र के निवासी शामिल हैं । गिरफ्तार किए गए लोगों पर आरोप है कि वे इलाके में आए दिन विवाद, मारपीट और उपद्रव की घटनाओं में शामिल रहते थे, जिससे स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा था । पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया । पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है । जहां भी शांति व्यवस्था भंग करने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाएगी, वहां तत्काल सख्त कार्रवाई होगी ।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीसी से की प्रदेश में कानून-व्यवस्था की समीक्षा

# प्रदेश में शांति, सुरक्षा और सौहार्द सर्वोपरि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- गैर विवादित स्थल पर ही हो होलिका दहन
- पुलिस थानों और कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे
- आगामी सभी त्यौहारों को लेकर विशेष सजगता और सतर्कता रखें, पेट्रोलिंग बढ़ाएं



भोपाल ■ अमृत दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि त्यौहार सामाजिक सद्भाव का प्रतीक हैं। प्रदेश के सभी नागरिक आपसी सौहार्द और प्रेम पूर्वक त्यौहार मनाएं, इसके लिए मैदानी पुलिस अधिकारी और अमले को अतिरिक्त सजगता, सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभानी होगी, ताकि कहीं भी, किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि त्यौहारों के चलते विशेष निगरानी और ऐहतियात बरती जाए। पुलिस सूचना–तंत्र को और भी अधिक सक्रिय किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का पालन करें, जिससे किसी भी नागरिक को असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी सभी त्यौहारों से पहले प्रदेश में शांति और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रविवार को पुलिस कमिश्नर ऑफिस, भोपाल से प्रदेश की कानून–व्यवस्था की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विस्तृत समीक्षा की। इस उच्च स्तरीय बैठक में अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय श्री नीरज मंडलोई, डीजीपी श्री कैलाश मकवाना, एडीजी इंटेलीजेंस श्री ए. साई मनोहर सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश के सभी रेंज आईजी, डीआईजी, पुलिस कमिश्नर्स और पुलिस अधीक्षकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर अपने–अपने क्षेत्रों की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्राधिकार में कानून–व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखें और इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून–व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिक बिना किसी बाधा के अपने–अपने पर्व आनंदपूर्वक मनाएं। शासन–प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ उनकी सुरक्षा में तत्पर होकर तैनात है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्योहारों के समय बेहद सतर्क रहें। हर घटना–दुर्घटना पर बारीक नजर बनाएं रखें। जनता में सुरक्षा का विश्वास कायम करें। समाज के अच्छे और प्रभावशाली लोगों को शांति समिति में लेकर आए। उन्होंने कहा कि सभी एसपी अपने पुलिस कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग सिस्टम को और भी अधिक बेहतर बनाएं। हर हाल में सुव्यवस्था बनी रहे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी दिनों में वे प्रदेश के पुलिस थानों और कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे। पुलिस थानों के कार्य–व्यवहार और पब्लिक फीडबैक के आधार पर उनकी ग्रेडिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षकों को अतिरिक्त सजगता और सतर्कता बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि कानून–व्यवस्था के संबंध में जो भी कार्रवाई हो, वह पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में परीक्षाएं चल रही हैं। इसलिए सभी परीक्षा केन्द्रों और हॉस्टल्स पर निगरानी रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस विभाग को प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सब पुलिस की समर्पित कार्यवाही और निष्ठा से ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा की पुलिस अधिकारी सुनिश्चितकरें कि होलिका दहन गैर विवादित स्थलों पर ही हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि त्योहारों के चलते अधिक संख्या में यात्रियों के आवागमन के कारण बस ऑपरेटर्स द्वारा यात्रियों से अधिक किराया वसूल करने की शिकायतें मिल रही हैं। ऐसी स्थिति पर रोक लगाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्यौहारों के दौरान विशेष संवेदनशीलता का परिचय दिया जाना चाहिए। किसी भी जगह किसी भी प्रकार की घटना या दुर्घटना पर पुलिस का क्विक रिस्पांस होना चाहिए। छोटी से छोटी घटना को संज्ञान में लें।

## भोपाल में एम्स-पीपुल्स यूनिवर्सिटी को उड़ाने की धमकी...झूठी निकली

### ई-मेल में लिखा- सायनाइड पॉइजन ब्लास्ट करेंगे



### बम डिस्पोजल स्क्वॉड को तलाशी में कुछ नहीं मिला

भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल स्थित एम्स और पीपुल्स यूनिवर्सिटी को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी भरा ई–मेल सोमवार तड़के करीब 3 बजे दोनों संस्थानों को अलग–अलग भेजा गया। इसमें लिखा था– आपके कॉलेज में सायनाइड पॉइजन वाले बम रखे गए हैं, जो दोपहर 12:15 बजे ब्लास्ट करेंगे। सुबह 11 बजे तक डॉक्टरों और स्टूडेंट्स को निकाल लें। अल्लाह हू अकबर।

सूचना मिलते ही संबंधित थानों की पुलिस, बम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची और सर्चिंग शुरू की। एम्स में बागसेवनिया थाने के टीआई अमित सोनी और उनकी टीम ने तलाशी अभियान चलाया। वहीं, पीपुल्स यूनिवर्सिटी में निशातपुरा टीआई मनोज पटवा सहित थाना स्टाफ ने सर्च ऑपरेशन किया। बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वॉड भी मौके पर पहुंचे। लेकिन कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

**साइबर सेल ई–मेल भेजने वाले की तलाश में जुटी:** पुलिस ने ई–मेल आईडी और आईपी एड्रेस के आधार पर जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल को भी मामले में शामिल किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही धमकी देने वाले की पहचान कर ली जाएगी।

### 19 फरवरी को भी मिली थी विस्फोट की धमकी

इससे पहले 19 फरवरी को भी पीपुल्स मेडिकल कॉलेज को ई–मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। उस समय भी पुलिस और बम स्क्वॉड ने जांच अभियान चलाया था। हालांकि, परिसर में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक राजकुमार यादव के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र ईदगाह हिल्स पहुंचकर चंदेरी के पूर्व विधायक चंदेरी श्री राव राजकुमार सिंह यादव के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व विधायक श्री यादव के परिजन से अस्पताल में भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राव राजकुमार सिंह जी का इलाज कर रहे डाक्टर से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैंसर अस्पताल में उपचाररत अन्य रोगियों की कुशलक्षेम भी पूछी तथा सभी के स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर तलवार से हमला

**भोपाल।** शहर के गौतम नगर थाना इलाके के न्यू आरिफ नगर में शनिवार देर रात पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची ने घायलों को अस्पताल पहुचांया। बाद में घायल की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। थाना पुलिस के अनुसार आदिल और उसके एक साथी पर तलवार से हमला किया गया है। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत फैल गई थी, स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि विवाद पुरानी रंजिश को लेकर हुआ है। आरोपियो में जावेद, अदनान, राशिद और अन्य के नाम सामने आये है।

## ग्रहण के साये में तैयारियाँ, समरसता के रंगों से सजेगा भोपाल

### हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष, पुलिस व प्रशासन ने किया जुलूस मार्ग का संयुक्त निरीक्षण

भोपाल ■ अमृत दर्शन

आगामी होलिका दहन, होली और रंगपंचमी के भव्य चल समारोहों को सुव्यवस्थित एवं गरिमामय रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज भोपाल स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में श्री हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य व्यापक चर्चा हुई, जिसमें परंपरा, आस्था और प्रशासनिक व्यवस्था–तीनों के समन्वय का स्वर स्पष्ट सुनाई दिया।

बैठक के प्रारंभ में समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने पूर्व में आयोजित शांति समिति की बैठक में समिति को आमंत्रित न किए जाने पर अपनी आपत्ति और विरोध दर्ज कराया। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए भोपाल के पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने इसे प्रशासनिक चूक स्वीकार किया और खेद व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को भविष्य में ऐसी त्रुटि न दोहराए जाने के सख्त निर्देश दिए। इस संवेदनशीलता ने संवाद को सकारात्मक दिशा प्रदान की।

धार्मिक परंपराओं की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष तिवारी ने सुझाव दिया कि होलिका दहन 2 मार्च की रात्रि 8:30 बजे तक अथवा 3 मार्च को ब्रह्म मुहूर्त में किया जाना श्रेयस्कर होगा। वहीं 3 मार्च को ग्रहण होने के कारण होली का जुलूस एवं धुलेन्दी का आयोजन 4 मार्च को संपन्न किया जाएगा। इस निर्णय को प्रशासन ने भी सहमति प्रदान की। बैठक के दौरान समिति ने जुलूस मार्ग पर विद्युत, स्वच्छता एवं अन्य नागरिक व्यवस्थाओं से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। नगर निगम एवं एमपीईबी के अधिकारियों के समक्ष स्पष्ट आग्रह किया गया कि मार्ग में व्याप्त सभी अव्यवस्थाओं को शीघ्र दुरुस्त किया जाए, ताकि उत्सव के रंगों में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## मराठी चैनल 'भोपाळी कट्टा' का भव्य शुभारंभ

# शहर के मराठी साहित्य, कला और मीडिया जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति रही

भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल में मराठी साहित्य और संस्कृति को समर्पित एक नए युग की शुरुआत 1 मार्च 2026 को हुई, जब 'होम ऑफ टेक्नो क्रिएशन प्रोडक्शन हाउस' द्वारा मराठी यूट्यूब चैनल 'भोपाळी कट्टा' का भव्य शुभारंभ किया गया। यह समारोह मनीषा मार्केट स्थित स्टूडियो में आयोजित हुआ, जहां शहर के मराठी साहित्य, कला और मीडिया जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति रही।



**16 वर्षों की सृजनात्मक यात्रा का विस्तारः** 'होम ऑफ टेक्नो क्रिएशन प्रोडक्शन हाउस' पिछले 16 वर्षों से फिल्म निर्माण और तकनीकी क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। एक वर्ष पूर्व हिंदी चैनल HOTC हिन्दी पॉडकास्ट की शुरुआत की गई थी, जिसे व्यापक सफलता मिली। इसी सफलता और समाज के सुझावों के आधार पर मराठी भाषा के लिए समर्पित चैनल 'भोपाळी कट्टा' की परिकल्पना साकार हुई।

**लोकार्पण एवं उद्घाटनः** चैनल का औपचारिक उद्घाटन मध्यप्रदेश मराठी साहित्य अकादमी के निदेशक संतोष जी गोडबोले द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि–

'मराठी भाषा के प्रोत्साहन के लिए यह पहल अत्यंत सराहनीय है। यदि सामूहिक सहयोग मिला, तो यह प्रदेश का अग्रणी मराठी पॉडकास्ट चैनल बन सकता है।'

उन्होंने सभी मराठी संगठनों और समुदाय से इस मंच को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया।

**पहला पॉडकास्टः मराठी साहित्य की जीवंत चर्चाः** कार्यक्रम के दौरान मुंबई से पधारी वरिष्ठ मराठी साहित्यकार डॉ. निर्मोही फडके का विशेष साक्षात्कार रिकॉर्ड किया गया। यह संवाद भोपाल के वरिष्ठ रंगकर्मी एवं निर्देशक विवेक सावरिकर मृदुल द्वारा लिया गया।

इस रोचक बातचीत में मराठी साहित्य की जीवंतता, उसकी गंभीरता, बदलते सामाजिक संदर्भों और नई पीढ़ी की भूमिका जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। इस पहले एपिसोड का प्रसारण होली के अवसर पर दिनांक 6 मार्च 2026 को किया जाएगा।

**संचालक की घोषणा और आगामी योजनाएंः** चैनल के संचालक एवं निर्देशक संजय पाथ्रडकर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए 'भोपाली कट्टा' की कार्यप्रणाली और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया–

'यह मंच केवल टेक्नो क्रिएशन या किसी एक संस्था का नहीं, बल्कि संपूर्ण मराठी समुदाय का है। हम सब मिलकर इसे आगे बढ़ाएंगे।'

उन्होंने बताया कि भविष्य में साहित्य, संगीत, रंगमंच, समाजसेवा और युवा प्रतिभाओं को मंच देने के लिए विशेष श्रृंखलाएं प्रारंभ की जाएंगी।

## भाभा यूनिवर्सिटी के हॉस्टल्स द्वारा रंग उत्सव का आयोजन किया गया



भोपाल ■ अमृत दर्शन

भाभा यूनिवर्सिटी के हॉस्टल्स द्वारा रंग उत्सव 2026 का आयोजन विश्वविद्यालय के आर. एन. कपूर मेमोरियल सभागार गृह में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, प्राध्यापकगण एवं छात्र–छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए और अपनी सहभागिता से आयोजन को यादगार बना दिया। सभागार रंगों, संगीत और उल्लास से सराबोर दिखाई दिया, जहां विद्यार्थियों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

## अनमोल वचन

चाहे यह आपके लिए सबसे अच्छा समय हो अथवा सबसे खराब समय हो, केवल और केवल समय ही हमारे पास होता है
**आर्ट बचवाल्ड**

अगर आप सफल होना चाहते है, तो आपको सफलता के घिसे-पिटे रास्तों पर चलने की बजाएं नए रास्ते बनाने चाहिए
**जॉन डी. राकेफेलर**

## सम्पादकीय

# एसआईआर संवैधानिक या असंवैधानिक?

*पश्चिम बंगाल के इलेक्शन कमीशन द्वारा 28 फरवरी को जारी की गई फाइनल वोटर लिस्ट ने राज्य की सियासत में हलचल मचा दी है। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद प्रकाशित इस सूची में कई जिलों से लाखों नाम हटा दिए गए हैं। मतदाता सूची से नाम कटने के बाद राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और आम मतदाताओं के बीच भारी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। बड़े पैमाने पर पश्चिम बंगाल में विरोध शुरू हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पश्चिम बंगाल के 7 करोड़ से अधिक मतदाताओं का सत्यापन चुनाव आयोग द्वारा कराया गया है। बांकुरा जिले में पहले लगभग 30.33 लाख मतदाता दर्ज थे। ड्राफ्ट रोल के बाद मतदाताओं की संख्या घटकर करीब 29 लाख रह गई। अंतिम सूची में लगभग सवा लाख नाम और कम हो गए हैं। वहीं सीमावर्ती नाडिया जिले में भी लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अलग कर दिए गए हैं। यह मतदाता पिछले कई चुनाव से मतदान करते आ रहे थे। पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में करोड़ों नाम हटाए जा रहे हैं। मतदाता सूची के इन आंकड़ों ने सवाल खड़ा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा समय पर जो निर्देश चुनाव आयोग को दिए गए थे, उनका पालन चुनाव आयोग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा क्यों नहीं किया गया? जिन दस्तावेजों को स्वीकार किया जाना था, वह स्वीकार नहीं किए गए। सॉफ्टवेयर की सहायता और माइक्रो ऑब्जाबर की रिपोर्ट पर मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। एक विशेष वर्ग के मतदाताओं के नाम सबसे ज्यादा हटाए गए हैं। इस तरह के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग के सेंट्रल सिस्टम के सॉफ्टवेयर से नाम हटाए जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर फिर से एक नया विवाद शुरू हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं, लेकिन जिस तरह से मतदाता सूची को लेकर विवाद बना हुआ है, इसी बीच चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। चुनाव आयोग की इस कार्यवाही से पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों और मतदाताओं में तीव्र उग्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले से एसआईआर का यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। अभी तक इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। चुनाव आयोग को एसएसआई करने का या नागरिकता तय करने का संवैधानिक अधिकार है,या नहीं। इस बात का आज तक फैसला नहीं हुआ। इसके बाद भी बिहार में विधानसभा के चुनाव हो गए। केंद्रीय चुनाव आयोग जिस तरह से चुनाव कराना चाहता था, उस तरह से वह चुनाव कराने में सफल रहा। चुनाव के दौरान कोई भी निष्पक्षता और पारदर्शिता का पालन चुनाव आयोग द्वारा नहीं किया गया। यह भी कई सुनवाई में साबित हो गया है। अब बिहार के तरह की स्थिति पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रही है। जो मतदाता सूची प्रकाशित हुई है। इसके राजनीतिक प्रभाव भी दूरगामी होंगे। विपक्षी दलों का आरोप है, बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने से नागरिकों के मत का संवैधानिक अधिकार खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता की कमी है। सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई कुछ याचिकाओं में स्पष्ट रूप से सबूत के साथ गड़बड़ियों का उल्लेख भी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और निर्देशों का पालन चुनाव आयोग द्वारा नहीं किया गया है। चुनाव आयोग का कहना है, एसआईआर का उद्देश्य फर्जी, दोहरे या अपात्र मतदाताओं के नामों को हटाकर मतदाता सूची को शुद्ध और विश्वसनीय बनाना है। पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन और राजनीतिक बयानबाज़ी शुरू हो गई है। जो इस बात का संकेत है, मामला केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि जनभावना और नागरिकता के मौलिक अधिकार से जुड़ा हुआ है। चुनाव आयोग द्वारा जल्द विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी करने की चर्चा तेज है। चुनाव आयोग ने जिस तरह से बिहार में एसआईआर प्रक्रिया के बीच चुनाव अधिसूचना जारी कर चुनाव करा दिए, यदि यही प्रक्रिया चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल मैं अपनाएगा, तो इसके भीषण परिणाम भी देखने को मिले सकते हैं। तब से अब तक काफी पानी बह गया है। लोकतंत्र की बुनियाद मतदाता सूची की शुद्धता पर टिकी होती है। यदि सूची में त्रुटि है, जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची में थे, उनके नाम जबरिया हटा दिए जाते हैं तो इससे चुनाव की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। मतदाता सूची में सुधार की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होगी, तो मतदाताओं और राजनीतिक दलों का विश्वास डगमगाता है। आवश्यक है, जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उन्हें दावा-आपत्ति की स्पष्ट और सुलभ प्रक्रिया उपलब्ध कराई जाए। अधिकांश मतदाता रोज कमाने और खाने वाले होते हैं। वे पढ़े-लिखे भी नहीं होते हैं। ऐसी स्थिति में छोटी मोटी स्पेलिंग की त्रुटि या निवास स्थान में परिवर्तन इत्यादि को लेकर यदि नाम काटे जाते हैं, तो संविधान ने आम आदमी को बिना भेदभाव के मतदान का जो अधिकार दिया है, वह संवैधानिक अधिकार खत्म होता है। होना तो यह चाहिए था, चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार है, या नहीं। सुप्रीम कोर्ट को सबसे पहले इसका फैसला करना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं दिया है। पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग को गंभीरता के साथ विचार करना होगा। लोकतंत्र केवल मतदान का दिन नहीं, मतदाता को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार भी है। इस अधिकार को खत्म नहीं किया जा सकता है। यही लोकतंत्र का मूल आधार है। अब देखना यह है, संशोधित मतदाता सूची राज्य की राजनीति में कितना और किस तरह का प्रभाव डालती है। क्या इससे चुनावी समीकरणों में कोई बड़ा बदलाव लाने की तैयारी की जा रही है।*

## चिंतन-मनन

# भगवान का सबसे प्रिय आहार अहंकार

अहंकार शब्द बना है अहं से, जिसका अर्थ है मैं। जब व्यक्ति में यह भावना आ जाती है कि जो हूं सो मैं, मुझसे बड़ा कोई दूसरा नहीं है तभी व्यक्ति का पतन शुरू हो जाता है। द्वापर युग में सहस्त्रबाहु नाम का राजा हुआ। इसे बल का इतना अभिमान हो गया कि शिव से ही युद्ध करने पहुंच गया। भगवान शिव ने सहस्त्रबाहु से कह दिया कि तुम्हारा पतन नजदीक आ गया है। परिणाम यह हुआ कि भगवान श्री कृष्ण से एक युद्ध में सहस्त्रबाहु को पराजित होना पड़ा। रावण विद्वान होने के साथ ही महापराप्रमी था। उसे अपने बल और मायावी विद्या का अहंकार हो गया और उसने सीता का हरण कर लिया। इसका फल रावण को यह मिला कि रावण का वंश सहित सर्वनाश हो गया। अंत काल में उसका सिर भगवान राम के चरणों में पड़ा था। भगवान कहते हैं मेरा सबसे प्रिय आहार अहंकार है अर्थात अहंकारियों का सिर नीचा करना भगवान को सबसे अधिक पसंद है। अहंकारी का सिर किस प्रकार भगवान नीच करते हैं इस संदर्भ में एक कथा है कि, नदी किनारे एक सुन्दर सा फूल खिला। इसने नदी के एक पत्थर को देखकर उसकी हंसी उड़ायी कि, तुम किस प्रकार से नदी में पड़े रहते हो। नदी की धारा तुम्हें दिन रात ठोकर मारती रहती है। मुझे देखो मैं कितना सुन्दर हूं। हवाओं में झूमता रहता हूं। पत्थर फूल की बात को चुपचाप सुनता रहा। पानी में घिसकर पत्थर ने शालिग्राम का रूप ले लिया था। किसी व्यक्ति ने उसे उठाकर अपने पूजा घर में स्थापित किया और उसकी पूजा की। पूजा के समय उस व्यक्ति ने फूल को शालिग्राम के चरणों में रख दिया। फूल ने जब खुद को पत्थर के चरणों में पाया तो उसे एहसास हो गया कि उसे अपने अहंकार की सजा मिली है। पत्थर ने अब भी कुछ नहीं कहा वह फूल की मनस्थिति को देखकर मुस्कुराता रहा।

# मध्य प्रदेश में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना: पशुपालकों के लिए बनी वरदान

**नीलिमा तिवारी, गजानंद फीचर सर्विस**

मध्य प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि है, और कृषि की आत्मा है पशुपालन। प्रदेश के लाखों छोटे और सीमांत किसान अपनी आजीविका के लिए दूध, दुग्ध उत्पाद और पशुधन पर निर्भर हैं। ऐसे में जब राज्य सरकार ने पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की, तो यह पहल सचमुच ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। यह योजना न केवल पशुपालकों की आय बढ़ाने का माध्यम बनी है, बल्कि सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण की भावना को भी साकार कर रही है।

योजना की पृष्ठभूमि और उद्देश्य: भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक और आर्थिक समानता का जो सपना देखा था, उसी दृष्टि को आगे बढ़ाते हुए इस योजना का नाम उनके नाम पर रखा गया। योजना का मुख्य उद्देश्य है प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग सहित आर्थिक रूप से कमजोर पशुपालकों को संगठित डेयरी व्यवसाय से जोड़ना, उन्हें आधुनिक डेयरी इकाइयाँ स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन की अपार संभावनाएँ हैं, लेकिन पूंजी की कमी, तकनीकी जानकारी का अभाव और बाजार तक सीमित पहुंच जैसी समस्याएँ पशुपालकों के सामने चुनौती बनकर खड़ी रहती थीं। कामधेनु योजना इन चुनौतियों को दूर करने का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को डेयरी इकाई स्थापित करने के लिए अनुदान और बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। योजना के अंतर्गत 5, 10 या उससे अधिक दुधारू पशुओं की इकाई स्थापित करने का प्रावधान है। इसमें पशुओं की खरीद, शेड निर्माण, चारा प्रबंधन और अन्य आवश्यक संसाधनों के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। चयनित हितग्राहियों को अनुदान (सब्सिडी) की सुविधा बैंक ऋण पर आसान किश्तों में भुगतान पशुपालन विभाग द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन टीकाकरण, बीमा और स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था दुग्ध संघों से जोड़कर विपणन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार यह योजना केवल वित्तीय सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण डेयरी प्रबंधन की एक समग्र व्यवस्था प्रदान करती है।




मध्य प्रदेश के कई जिलों-सीहोर, रायसेन, विदिशा, सागर, छतरपुर, रीवा, धार और मंदसौर में इस योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जिन परिवारों की मासिक आय सीमित थी, वे अब नियमित दुग्ध उत्पादन से स्थायी आय अर्जित कर रहे हैं। प्रतिदिन दूध विक्रय से होने वाली आय ने ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है। विशेष रूप से महिला स्व-सहायता समूहों ने इस योजना का लाभ उठाकर डेयरी व्यवसाय में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। ग्रामीण महिलाओं ने न केवल पशुपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाया है, बल्कि परिवार की आर्थिक धुरी भी बनी हैं। इससे महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है।

तकनीकी उन्नयन और आधुनिक डेयरी: योजना के माध्यम से आधुनिक डेयरी पद्धतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पशुपालकों को संतुलित आहार, वैज्ञानिक दुग्ध उत्पादन, स्वच्छ दुग्ध दुहन तकनीक और पशु स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण दिया जाता है। इससे दूध की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में वृद्धि हुई है।

आज कई गांवों में पक्के शेड, स्वचालित पानी की व्यवस्था, चारा कटाई मशीन और शीत श्रृंखला (कोल्ड चेन) जैसी सुविधाएँ देखने को मिल रही हैं। इससे दूध की बर्बादी कम हुई है और उत्पादकता में सुधार आया है।

इस योजना की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह समाज के उन वर्गों को आर्थिक मुख्यधारा में लाने का प्रयास करती है, जो लंबे समय से संसाधनों के अभाव में पीछे रह गए थे। अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को प्राथमिकता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना प्रभावी साबित हुई है।

डॉ. अंबेडकर के विचारों के अनुरूप, यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करती है। पशुपालन के माध्यम से रोजगार सृजन और आय वृद्धि ने ग्रामीण समाज में आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है।

मध्य प्रदेश पहले से ही देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में अपनी पहचान बना चुका है। कामधेनु योजना ने इस दिशा में और गति प्रदान की है। छोटे स्तर की डेयरी इकाइयों के विस्तार से दुग्ध उत्पादन में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। दुग्ध संघों के माध्यम से संगठित विपणन ने किसानों को उचित मूल्य दिलाने में मदद की है।

दूध, घी, पनीर, दही और अन्य दुग्ध उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित छोटी डेयरी इकाइयाँ अब स्थानीय बाजारों के साथ-साथ शहरी बाजारों की भी जरूरतें पूरी कर रही हैं।

ग्रामीण युवाओं के लिए यह योजना रोजगार का नया माध्यम बनकर सामने आई है। जहां पहले रोजगार के अभाव में युवा शहरों की ओर पलायन करते थे, वहीं अब वे अपने गांव में ही डेयरी व्यवसाय शुरू कर रहे हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और सामाजिक संरचना भी सुदृढ़ बनी है।

एक डेयरी इकाई से केवल पशुपालक ही नहीं, बल्कि चारा आपूर्तिकर्ता, दूध संग्रहण केंद्र, परिवहन और विपणन से जुड़े लोग भी लाभान्वित होते हैं। इस प्रकार यह योजना प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के रोजगार उत्पन्न कर रही है।

पर्यावरणीय संतुलन और जैविक खेती: पशुपालन से प्राप्त गोबर और गोमूत्र का उपयोग जैविक खाद के रूप में किया जा रहा है। इससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हुई है और मिट्टी की उर्वरता में सुधार हुआ है। कई स्थानों पर बायोगैस संयंत्र भी स्थापित किए गए हैं, जिससे ऊर्जा की आवश्यकता पूरी हो रही है और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है।

हालांकि योजना के परिणाम उत्साहवर्धक हैं, फिर भी कुछ चुनौतियाँ सामने आती हैं जैसे पशुओं की गुणवत्ता, चारे की उपलब्धता, समय पर ऋण स्वीकृति और बाजार मूल्य में उतार-चढ़ाव। इन चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक है उन्नत नस्ल के पशुओं की उपलब्धता, चारा विकास कार्यक्रमों का विस्तार, बैंकिंग प्रक्रियाओं का सरलीकरण, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विपणन सुविधा, यदि इन पहलुओं पर सतत कार्य किया जाए, तो योजना और अधिक प्रभावी बन सकती है।

प्रदेश में डेयरी सेक्टर को उद्योग के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाएँ हैं। यदि कामधेनु योजना को दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयों, ब्रांडिंग और निर्यात से जोड़ा जाए, तो यह ग्रामीण समृद्धि का बड़ा आधार बन सकती है। साथ ही, पशुपालकों को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता का निरंतर विस्तार इस योजना की सफलता को स्थायी बनाए रखेगा।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना मध्य प्रदेश के पशुपालकों के लिए सचमुच एक वरदान सिद्ध हो रही है। यह योजना आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और ग्रामीण विकास के त्रिवेणी संगम का उदाहरण है। छोटे और सीमांत पशुपालकों को संगठित डेयरी व्यवसाय से जोड़कर यह पहल उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है।

जब गांव सशक्त होंगे, तभी प्रदेश सशक्त होगा। और जब पशुपालक आत्मनिर्भर होंगे, तभी ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। डॉक्टर अंबेडकर के सपनों का भारत तभी साकार होगा, जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। कामधेनु योजना इसी दिशा में बढ़ता हुआ एक सशक्त कदम है-जो पशुपालकों के जीवन में समृद्धि, सम्मान और आत्मविश्वास का नया अध्याय लिख रहा है।

# पर्यावरण और परंपरा का संगम, प्रभास पाटण में श्री सोमनाथ ट्रस्ट का वैदिक होलिका दहन



**कांतिलाल मांडोत**

*इसी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा को पर्यावरणीय चेतना के साथ जोड़ते हुए गुजरात के प्रभास पाटण स्थित श्री सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा 2 मार्च को वैदिक पद्धति से होलिका दहन का अनूठा आयोजन किया जा रहा है। देश के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के सानिध्य में आयोजित यह आयोजन परंपरा और प्रकृति के संरक्षण का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करेगा। जब देशभर में होलिका दहन के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ियों का उपयोग किया जाता है, तब प्रभास पाटण के चौपाटी मैदान में होने वाला यह वैदिक होलिका दहन पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देगा।*

फाल्गुन मास की पूर्णिमा का पावन पर्व होली भारतीय संस्कृति में उल्लास, आस्था और नवजीवन का प्रतीक माना जाता है। रंगों और उमंगों से भरा यह त्योहार केवल सामाजिक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति, कृषि और आध्यात्मिक चेतना से गहराई से जुड़ा हुआ है। इसी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा को पर्यावरणीय चेतना के साथ जोड़ते हुए गुजरात के प्रभास पाटण स्थित श्री सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा 2 मार्च को वैदिक पद्धति से होलिका दहन का अनूठा आयोजन किया जा रहा है। देश के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के सानिध्य में आयोजित यह आयोजन परंपरा और प्रकृति के संरक्षण का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करेगा। जब देशभर में होलिका दहन के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ियों का उपयोग किया जाता है, तब प्रभास पाटण के चौपाटी मैदान में होने वाला यह वैदिक होलिका दहन पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देगा। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न होने वाले इस अनुष्ठान में केवल पारंपरिक और वैदिक सामग्री का उपयोग किया जाएगा। ट्रस्ट के अनुसार इसमें गौशाला की गौमाता के सूखे गोबर से बने उपले, गिर नस्ल की गाय का घी, समिधा काष्ठ, सात प्रकार के अनाज, कपूर तथा विभिन्न औषधीय द्रव्यों को आहुति के रूप में अर्पित किया जाएगा। इस प्रकार यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र होगा, बल्कि आयुर्वेदिक और वैज्ञानिक दृष्टि से भी लाभकारी सिद्ध होगा। यह पहल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिपादित पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के विचार से प्रेरित है। प्रकृति के संरक्षण और संतुलन को जीवन का आधार मानते हुए ट्रस्ट निरंतर ऐसे उपक्रम चला रहा है, जिनसे समाज में जागरूकता बढ़े। होली जैसे लोकपर्व को भी पर्यावरण के अनुकूल बनाना उसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। रासायनिक रंगों और अंधाधुंध लकड़ी के उपयोग से होने वाली हानि को देखते हुए वैदिक पद्धति का यह आयोजन समाज को नई दिशा देने का प्रयास है।

वैदिक होली को नवसस्येष्टि पर्व भी कहा जाता है। इसका अर्थ है नई फसल को अग्नि में अर्पित कर ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना। भारतीय कृषक परंपरा में यह पर्व विशेष महत्व रखता है। खेतों में लहलहाती जौ और गेहूं की बालियां जब पककर तैयार होती हैं, तब किसान उन्हें होलिका की अग्नि में समर्पित कर समृद्धि और उर्वरता की कामना करते हैं। यह केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव के बीच सामंजस्य का प्रतीक है। पलाश के फूलों से बने प्राकृतिक रंग, हल्दी और अन्य जड़ी-बूटियों का प्रयोग शरीर और पर्यावरण दोनों के लिए हितकारी माना गया है। होलिका दहन का पौराणिक आधार भी अत्यंत प्रेरक है। असुर राजा हिरण्यकश्यप के अत्याचार और उसके पुत्र प्रह्लाद की अटूट भक्ति की कथा भारतीय जनमानस में गहराई से रची-बसी है। जब अहंकार से अंधे हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को दंडित करने के लिए बहन होलिका की सहायता ली, तब ईश्वर की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित बच गए और होलिका दहन हो गई। यह प्रसंग बुराई पर अच्छाई, अहंकार पर श्रद्धा और अन्याय पर सत्य की विजय का प्रतीक बन गया। इसी कारण होलिका दहन को केवल अग्नि प्रज्वलन नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार, ईर्ष्या और नकारात्मक प्रवृत्तियों को जलाने का प्रतीकात्मक अवसर माना जाता है।

वेदों में अग्नि को पवित्रता और ऊर्जा का स्रोत माना गया है। अग्नि देवता को यज्ञ का वाहक और देवताओं तक आहुति पहुंचाने वाला कहा गया है। ऋतु परिवर्तन के समय जब वातावरण में अनेक प्रकार के जीवाणु और विषाणु सक्रिय होते हैं, तब यज्ञीय अग्नि और उसमें डाली जाने वाली औषधीय सामग्री से उत्पन्न धुआं वातावरण को शुद्ध करने में सहायक माना गया है। अरण्ड जैसे औषधीय गुणों वाले वृक्ष की लकड़ी तथा गाय के गोबर से बने उपलों के धुएं को भी कीटाणुनाशक बताया गया है। इस प्रकार होली का पर्व केवल धार्मिक भावना तक सीमित नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

हिन्दू पंचांग के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा के प्रदोष काल में होलिका दहन किया जाता है। बसंत पंचमी से इसकी तैयारी प्रारंभ होती है। गांवों और नगरों में खुले स्थान पर अरण्ड का वृक्ष स्थापित कर उसके चारों ओर लकड़ियां एकत्र की जाती हैं। बच्चे और युवा मिलकर इस प्रक्रिया में भाग लेते हैं, जिससे सामूहिकता और सहयोग की भावना विकसित होती है। दूसरे दिन रंगों के साथ होली खेली जाती है, जो जीवन में रंग, ऊर्जा और आनंद के महत्व को रेखांकित करती है।

प्रभास पाटण में आयोजित होने वाला यह वैदिक होलिका दहन भक्तों को घर बैठे आहुति अर्पित करने की सुविधा भी प्रदान करेगा। श्रद्धालु न्यूनतम अर्पण राशि के माध्यम से अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे और अनुष्ठान के दर्शन भी कर पाएंगे। इससे देश-विदेश में बसे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रूप से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

आज जब पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियां विश्व के सामने खड़ी हैं, तब पारंपरिक पर्वों को प्रकृति के अनुकूल स्वरूप में मनाने की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है। श्री सोमनाथ ट्रस्ट का यह प्रयास समाज को यह संदेश देता है कि आस्था और पर्यावरण संरक्षण परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि त्योहारों को विवेकपूर्ण ढंग से मनाया जाए तो वे सामाजिक समरसता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संतुलन के संवाहक बन सकते हैं। होलिका दहन का यह वैदिक आयोजन न केवल प्रभास पाटण की धार्मिक गरिमा को और ऊंचा करेगा, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# दूध में मिलावट: आर्थिक अपराध नहीं नैतिक पतन की पराकाष्ठा

**डॉ नीलम महेंद्र**

भारत आज गर्व से दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश होने का दावा करता है। वैश्विक दूध उत्पादन में हमारी हिस्सेदारी लगभग 25% है। आंकड़ों की बाजीगरी में हम नंबर वन हैं, लेकिन क्या कभी हमने उस दूध के गिलास की गहराई में झांक कर देखा है जिसे हम अमृत समझकर अपने बच्चों को पिलाते हैं? हालिया रिपोर्ट्स और समाचार पत्रों के दावे चौंकाने वाले ही नहीं, रूह कंपा देने वाले हैं। क्योंकि दुर्भाग्य से आज देश भर में जांचे गए दूध के हर तीन में से एक नमूना जांच में फेल हो रहा है। यह महज एक सांख्यिकीय डेटा नहीं है, बल्कि हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की विफलता का अलार्म है। एफएसएसएआई की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 से 2018 के बीच दूध में मिलावट का ग्राफ 16.64% था, जो 2022 तक बढ़कर 38% तक पहुंच गया। यानी लगभग हर तीसरा गिलास मिलावटी है। उत्तर भारतीय राज्यों में यह समस्या अधिक विकराल है। दूध के नमूनों में नॉन-कन्फर्मिंग (अमानक) होने की दर उत्तर भारत में करीब 47% तक पाई गई है। लेकिन समस्या इतनी भर नहीं है कि दूध में मिलावट के आंकड़े खतरनाक स्तर पर पहुंच गए हैं, चुनौती यह है कि देश की सेहत से जुड़े इस गंभीर मामले को लेकर हमारा तंत्र कितना लापरवाह है। मध्यप्रदेश के ग्वालियर की एक रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 सालों में डेयरी उत्पादों में मिलावट के 490 केस दर्ज हुए, 3.66 करोड़ का जुर्माना लगाया गया, लेकिन वसूली शून्य के बराबर रही। जब कानून का क्रियान्वन ही नहीं हो पाता, तो मिलावटखोरों के हौसले बुलंद होना लाजिमी है। क्या हमने कभी सोचा है कि उस एक गिलास मिलावट वाले दूध में वास्तव में क्या है?

हम अक्सर सोचते हैं कि मिलावट का मतलब सिर्फ दूध में पानी मिलाना है। काश ऐसा ही होता! पानी से केवल पोषण कम होता है, लेकिन आज जो मिलाया जा रहा है वह सीधे मौत का सामान है!

मुनाफाखोरों के लालच की इंतहा यह है कि दूध में झाग बनाने और फैट दिखाने के लिए वाशिंग पाउडर और यूरिया का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि यूरिया हमारे गुर्दों (किडनी) पर सीधा प्रहार करता है।

इसके अलावा दूध को सफेद और गाढ़ा दिखाने के लिए घटिया दर्जे का तेल और कास्टिक सोडा मिलाया जाता है, जो पाचन तंत्र को पूरी तरह ध्वस्त कर सकता है। दूध को लंबे समय तक फटने से बचाने के लिए हानिकारक रसायनों का प्रयोग होता है, जो भविष्य में कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकते हैं। लेकिन लाभ की अंधी दौड़ मासूमों के स्वास्थ्य को कितनी हानि पहुंचा रही है, इस बात की संवेदनशीलता को हम समय रहते समझ जाएं यह आवश्यक है। नहीं तो जो भारत आज इस बात पर इतरा रहा है कि वो विश्व का सबसे युवा देश है उसे बच्चों और युवाओं के सबसे खराब स्वास्थ्य वाला देश बनने में देर नहीं लगेगी। एक मां जब अपने बच्चे को दूध पिलाती है, तो इस विश्वास के साथ कि वह उसे स्वस्थ पोषण दे रही है। लेकिन क्या उस मुनाफेखोर को जरा भी आत्मग्लानि होती है जो चंद रुपयों के लिए वो एक मां की ममता से विश्वासघात कर रहा है? यह केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है, यह नैतिक पतन की पराकाष्ठा है।

दरअसल भारत में दुग्ध उत्पादन निरंतर बढ़ा है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की शक्ति है। परंतु उत्पादन की गति यदि गुणवत्ता की निगरानी से तेज हो जाए, तो संतुलन बिगड़ता है। मांग बढ़ती है, प्रतिस्पर्धा बढ़ती है, और वहीं से अनैतिक शॉर्टकट का जन्म होता है। यदि निरीक्षण तंत्र अनियमित हो, यदि दंड विलंबित हो, यदि दोषियों को वास्तविक भय न हो-तो मिलावट एक 'कम जोखिम, अधिक लाभ' का व्यापार बन जाती है।

## खास बात

### प्रेम विवाह में गुजरात सरकार का दखल?

गुजरात में प्रेम विवाह करने की सूचना अनिवार्य रूप से कानूनन युवक और युवति को अपने परिवार वालों के साथ करनी होगी। यदि ऐसा नहीं किया तो शादी अमान्य मानी जाएगी। इसको लेकर भाजपा में नाराजगी देखने को मिल रही है। प्रेम विवाह के लिए मां-बाप और रिश्तेदार सहमति नहीं देते हैं। बाद में वह स्वीकार कर लेते हैं।यदि यह कानून बन गया, फिर कैसे प्रेम विवाह हो पाएंगे? ऐसे में गुजरात की छवि भी प्रभावित होगी। क्योंकि यहां पर सभी राज्यों के लोग रहते हैं।

### तमिलनाडु के चुनाव में राजाजी की याद

जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है। उसके बाद से जिस राज्य में चुनाव होते हैं।उस राज्य मे दिवंगत हो चुके नेताओं की यादें भाजपा के लिए ताजा हो जाती हैं। दूसरों को अपना कैसे बनाया जा सकता है, इसे भाजपा से सीखना होगा। पूर्व नेताओं की मूर्ति लगाने और यशोगन का सिलसिला शुरू हो जाता है। लोकसभा चुनाव के समय चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर याद आए थे। पश्चिम बंगाल के चुनाव में बंकिम बाबू याद आ गए हैं। पिछले चुनाव में रविंद्र नाथ टैगोर, ईश्वर चंद्र विद्यासागर की बहार थी। इस बार वह गायब हैं। तमिलनाडु में अब भाजपा को राजा जी का सम्मान और याद करने का मौका मिला है। उनकी प्रतिमा भी लग गई,उनके जयकारे भी हो रहे हैं।इसे कहते हैं, समय की बलिहारी। समय पड़ने पर उन्हें निकालकर ले आएंगे।

### तमिलनाडु से कांग्रेस का 1 राज्यसभा सदस्य

तमिलनाडु में कांग्रेस के 18 विधायक हैं। तमिलनाडु की 6 सीटों पर राज्यसभा का चुनाव होना है। इनमें से 5 सीट सत्तारूढ़ गठबंधन को मिलने जा रही हैं।एक सीट स्टालिन कांग्रेस के लिए छोड़ेंगे? स्टालिन विधानसभा सीट में अपना वर्चस्व बनाए रखना चाहते हैं। कांग्रेस विधानसभा की ज्यादा सीट मांग रही है।इसलिए वह कांग्रेस को राज्यसभा की एक सीट देकर कांग्रेस को एडजस्ट करने की सोच रहे हैं।

### एआई समिट में सबसे बड़ा झोल गलगोटिया में

गलगोटिया विश्वविद्यालय एक ही झटके में सारी दुनिया में चर्चित हो गया है। चीनी कुत्ते का मॉडल उन्होंने अपना बताकर दिखाया। उसके बाद से भारत सहित दुनिया के सभी देशों में इस विश्वविद्यालय की चर्चा हो रही है। इतना प्रचार आज तक किसी भी विश्वविद्यालय को नहीं मिला है। अनुसंधान और अविष्कार का कोई प्रमाण नहीं मिला। चीन के रोबोट को अपना रोबोट बताकर जो कमाई विश्वविद्यालय ने की है। उसकी सारी दुनिया में चर्चा हो रही है।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोद्रय पश्चिमे तिथि, चर्तुदर्शी, सोमवार, अश्लेषा नक्षत्रे, वल योगे, वव करणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा 26/12 चर्तुदर्शी व्रत, होलिका दहन भद्रा 12/40 वक्री बुध तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, वक्ता, प्रशासक, धनी-मानी होगा।

**मेष राशि**- मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, कार्य व्यवसाय गति उत्तम, स्त्री वर्ग से क्लेश होगा।

**वृष राशि**- धन प्राप्ति के योग बनेंगे, नवीन मैत्री-मंत्रणा प्राप्त होगी ध्यान अवश्य दें।

**मिथुन राशि**- इष्ट मित्र सहायक रहेंगे, व्यवसाय क्षमता में वृद्धि होगी तथा कार्य बनेंगे।

**कर्क राशि**- सामाजिक कार्य में प्रतिष्ठा, कार्य कुशलता से संतोष तथा रुके कार्य बनेंगे।

**सिंह राशि**- परिश्रम से समय पर सोचे कार्य पूर्ण होंगे, व्यवसाय गति उत्तम होगी।

**कन्या राशि**- अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा, कार्य कुशलता से संतोष होगा।

**तुला राशि**- दैनिक व्यवसाय गति उत्तम, कार्यगति उत्तम बनेगी, चिन्तायें कम होंगी।

**वृश्चिक राशि**- कार्यवृत्ति में सुधार होगा, असमंजस तथा सफलता के कार्य अवश्य बनेंगे।

**धनु राशि**- स्थिति अनियंत्रित रहेगी, सफलता के लिये परिश्रम करें, कार्य नियंत्रण से लाभ होगा।

**मकर राशि**- मानसिक खिन्नता तथा स्वाभाव में उद्विघ्नता अवश्य होगी, कार्य करें।

**कुंभ राशि**- कार्य योजना फलीभूत होगी, विघटनकारी तत्व परेशान करेंगे, कार्य समय पर करें।

**मीन राशि**- मनोबल उत्साहवर्धक होगा, कार्य कुशलता से संतोष अवश्य होगा।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**2 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2026 वर्ष का 61 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 17.56 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 07.52 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 12.19 बजे को समाप्त।
**करण** गर 06.30 बजे, वणिज 17.56 बजे तदनन्तर विष्टि 05.29 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 17'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872636
**जूलियन दिन** 2461101.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्यारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 12
**विशेष** फाल्गुन चौमासी चौदस।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.03 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 08.34 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.14 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.12 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.25 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.42 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.53 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.04 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.19 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.35 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 03.40 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.26 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करती है काली किशमिश



एक्सपर्ट्स के मुताबिक, काली किशमिश का सेवन न केवल पोषण की कमी को पूरा करता है, बल्कि महिलाओं की कई स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान भी करता है। काली किशमिश को सेहत के लिए फायदेमंद सूखे फलों में शुमार किया जाता है।

खासतौर पर महिलाओं के लिए यह सुपरफूड की तरह काम करती है। काली किशमिश में आयरन और कैल्शियम की भरपूर मात्रा होती है, जो महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस और हड्डियों की कमजोरी को दूर करती है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने के साथ-साथ शरीर में आयरन की कमी को भी पूरा करती है, जो पीसीओएस (पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम) और एनीमिया से पीड़ित महिलाओं के लिए बेहद लाभदायक है। पीसीओएस से जुड़ी हार्मोनल असंतुलन और शुगर क्रेविंग को कम करने में भी यह कारगर है। त्वचा की सेहत के लिए भी काली किशमिश एक वरदान है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को चमकदार बनाते हैं और कोलेजन के उत्पादन को बढ़ावा देते हैं।

इससे उम्र बढ़ने के लक्षण, जैसे झुर्रियां और पिंपल्स, कम होते हैं। गर्भावस्था के दौरान काली किशमिश का सेवन करने से कब्ज जैसी समस्याओं से राहत मिलती है और हीमोग्लोबिन के स्तर को बनाए रखने में मदद मिलती है। पीरियड्स के दौरान अक्सर महिलाओं को ज्यादा ब्लीडिंग के कारण कमजोरी महसूस होती है। काली किशमिश में मौजूद आयरन शरीर में खून की कमी को पूरा करता है और एनर्जी लेवल को बनाए रखता है। यह नेचुरल शुगर और फाइबर का अच्छा स्रोत है, जो लंबे समय तक भूख को नियंत्रित रखता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। महिलाओं को अपनी डाइट में काली किशमिश को शामिल करना चाहिए। यह न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि सेहत के लिए भी कई मायनों में लाभदायक है। नियमित रूप से इसका सेवन करके आप बेहतर स्वास्थ्य का आनंद ले सकती हैं। दिल की सेहत के लिए भी काली किशमिश को फायदेमंद माना जाता है। इसमें पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित कर हृदय रोगों के खतरे को कम करते हैं। इसे गर्म पानी में भिगोकर, दूध के साथ, या फिर सलाद और दही में मिलाकर खाया जा सकता है।

# बच्चों को पढ़ाई के लिए भरपूर ऊर्जा मिलेगी, इससे होगा फायदा

पढ़ाई करते समय शरीर को अधिक ऊर्जा की ज़रूरत होती है, इसलिए भूख भी बहुत लगती है। लेकिन समस्या यह है कि भारी खाना खाने से शरीर भारी महसूस होता है और नींद आने लगती है। ऐसे में पढ़ाई कैसे होगी भला?

इसलिए भोजन में बदलाव करें और बच्चों को हल्का व पौष्टिक खाना दें। जानिए ऐसी ही कुछ रेसिपीज़।

**सुपर ब्रेन मैजिक क्या चाहिए:** बाजरे का आटा- 2 बड़े चम्मच, दही- 1 कटोरी, पानी- 2 कटोरी, जीरा- 1/2 छोटा चम्मच, कढ़ी पत्ते- थोड़े-से, प्याज़- 1 कटा हुआ, कीसी हुई गाजर- 1 बड़ा चम्मच, हरी मिर्च और अदरक का पेस्ट- 2 छोटे चम्मच, बारीक कटा हरा धनिया- 3 छोटे चम्मच, दरदरी कुटी मूंगफली- 2 छोटे चम्मच, नमक- स्वादानुसार, काली मिर्च पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच, घी- 2 बड़े चम्मच।

**ऐसे बनाएं:** बाजरे का आटा, दही और पानी को मिलाएं। कड़ाही में आधा चम्मच घी गर्म करके जीरा तड़काएं, फिर कढ़ी पत्ते डालकर भूनें। प्याज़, गाजर और हरी मिर्च-अदरक का पेस्ट भूनें। मूंगफली डालकर भूनें। बाजरे का घोल डालकर लगातार मिलाते हुए पकाएं। हल्का गाढ़ा होने पर हरा धनिया और घी डालकर बच्चे को गर्मागर्म खिलाएं।

**गाजर-अदरक सूप:** गाजर- 3 कटी हुई, टमाटर- 2, कटी हुई अदरक- 1 छोटा चम्मच, लहसुन की कलियां- 4, घी- 1 छोटा चम्मच, नमक- स्वादानुसार, काली मिर्च पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच, मसला हुआ पनीर- 4 छोटे चम्मच।

**ऐसे बनाएं:** कुकर में गाजर, टमाटर, नमक, अदरक और एक कटोरी पानी डालकर दो सीटी आने तक पकाएं। इसे ठंडा करके पीस लें। पैन में घी गर्म करके लहसुन भूनें। फिर काली मिर्च डालकर पिसा हुआ टमाटर-गाजर का मिश्रण डालकर पकाएं। सूप को छान लें। गर्मागर्म गाजर सूप में पनीर डालकर परोसें।

**गाजर-खजूर दूध:** गाजर- 1 कीसी हुई, दूध- 2 कटोरी, खजूर- 3 कटे हुए, गुलाब की पंखुड़ियां- 1/2 बड़ा चम्मच (सूखी या ताज़ी), कटे हुए बादाम- 1/2 छोटा चम्मच, तिल- 1/4 छोटा चम्मच।

कड़ाही में बादाम, गुलाब की पंखुड़ियां और तिल को हल्का भूनकर निकाल लें। इसी कड़ाही में दूध और गाजर डालकर धीमी आंच पर पकाएं। जब गाजर पक जाए तो उसमें खजूर डालकर पकाएं। फिर बादाम, तिल और गुलाब की पंखुड़ियां डालकर परोसें।

# स्तनपान से कम होता है हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा

**स्तनपान से जहां बच्चे बिमारियों और संक्रमण से बचे रहते हैं और उन्हें पर्याप्त आहार भी मिल जाता है। वहीं इससे मां भी कई गंभीर बीमारियों से बची रहती है**



स्तनपान बच्चे के साथ ही मां के लिए भी एक वरदान से कम नहीं होता।

विशेषज्ञ कहते हैं कि जन्म के 6 माह तक नवजात शिशुओं को दूध पिलाना जरूरी है। बच्चे को इससे ना सिर्फ पोषण मिलता है बल्कि बीमारियों से लड़ने की ताकत भी मिलती है लेकिन क्या आप जानते हैं स्तनपान कराने से सिर्फ बच्चे को ही फायदा नहीं होता बल्कि मां को भी उतना ही फायदा होता है। एक नये अध्ययन के अनुसार जो महिलाएं बच्चों को स्तनपान करवाती हैं उन्हें हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा अन्य महिलाओं से 10 गुना कम रहता है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि बच्चे के जन्म के बाद स्तनपान से मां के शरीर में मेटाबॉलिज्म में तेजी आती है तो समझना चाहिए कि मां को स्तनपान का लाभ मिल रहा है। शोधकर्ताओं का ये भी कहना है कि गर्भावस्था के दौरान एक महिला के शरीर के मेटाबॉलिज्म में बहुत बदलाव आता है, क्योंकि शरीर बच्चे के विकास और उसे अतिरिक्त उर्जा प्रदान करने के लिए वसा एकत्र करता है। इसलिए जन्म के बाद ब्रेस्टफीडिंग उस वसा को तेजी से और पूरी तरह से समाप्त करने में सहायता करता है। इससे महिला का शरीर भी पहले की तरह हो जाता है।

# संतरे का छिलका निखरेगा रंग



संतरा जितना स्वाद में रसीला होता है इसका रस सुंदरता निखारने के लिए उतना ही अच्छा। कई बार (टैनिंग) तेज धूप से त्वचा का रंग काला पड़ना आम समस्या है। विशेषज्ञों का मानना है कि संतरे के इस्तेमाल से रंग काला पड़ने को ठीक किया जा सकता है साथ ही इससे त्वचा का रंग साफ भी होता है। टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए एक बड़ा चम्मच संतरे के छिल्के का पाउडर, एक चुटकी हल्दी, कैलेमाइन पाउडर या चंदन पाउडर और शहद की कुछ बूंदें मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से एक मिनट मलें और इसे पांच मिनट तक लगा रहने दें, फिर इसे पानी से धो लें।

संतरे के रस में सिट्रिक एसिड होता है, जो प्राकृतिक रूप से ब्लीचिंग का काम करता है। अगर आप चाहे तो संतरे के जूस को आइस ट्रे में फ्रीज कर सकती हैं और बाद में फ्रेश लुक के लिए इसे चेहरे पर लगा सकती है।

आप संतरे का गुदा भी चेहरे पर मल सकती हैं। टैनिंग के असर को कम करने के लिए ऐसा नियमित रूप से करें।

संतरे के तत्व से युक्त चेहरे पर लगाए जाने वाले अच्छी कंपनी के सौंदर्य उत्पाद का इस्तेमाल करें। संतरे के छिल्के में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होता है। यह प्राकृतिक क्लिंजर का काम करता है, जबकि शहद त्वचा में निखार लाता है।

# इस प्रकार लगाएं लिपस्टिक नहीं फैलेगी



खूबसूरती बढ़ाने वाली लिपस्टिक जब फैल जाती है तो आपका लुक खराब कर देती है। लिपस्टिक के दाग दांतों पर लगने से आपको शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी लिपस्टिक लगाते समय वह हमारे दांतों पर लग जाती है। लिपस्टिक को दांतों से दूर रखना काफी कठिन काम है। इन उपायों से आप लिपस्टिक को दांतों से दूर रख सकते हैं। मैट लिपस्टिक का प्रयोग करें। मैट लिपस्टिक इधर-उधर नहीं फैलती है। अगर आपके दांतों में लिपस्टिक लग जता है तो आपके लिए अच्छा होगा कि आप क्रीम और सैटिन लिप कलर्स से दूर रहें। लिक्विड मैट लिपस्टिक का प्रयोग करें। मैट से भी अच्छा लिक्विड मैट होता है। इस लिपस्टिक में शाइन होता है और यह लंबे समय तक रहता है।

उंगली से बाहर निकालें लिपस्टिक। दांतों में लिपस्टिक लग जाने के बाद मुंह में कोई भी उंगली डालें. इससे फैली हुई लिपस्टिक उंगली से बाहर आ जाती है।

**लिप लाइनर का प्रयोग करें:** लिप लाइनर लगाने से लिपस्टिक लाइन के बाहर नहीं जाती और दांत में भी नहीं फैलती।

**टिश्यू का प्रयोग करें:** दांतों पर लिपस्टिक जाने से रोकने के लिए होठों के बीच टिश्यू पेपर रखें. इससे दांतों पर लिपस्टिक का दाग नहीं लगता।

**होठ को रगड़ लें:** लिपस्टिक लगाने से पहले अपने होठों को अच्छी तरह से रगड़ लें. अगर होंठ चिकने नहीं है तो लिपस्टिक बह जाती है। **लिप ब्रश का प्रयोग करें:** लिप ब्रश से एकदम अच्छे से लिपस्टिक लगती है और दांत में दाग भी नहीं लगते।

# गर्भावस्था के दौरान प्लास्टिक बोतल से पानी न पीयें



गर्भावस्था के दौरान दौरान खराब क्वालिटी या बीपीए युक्त प्लास्टिक बोतल में पानी पीने वाली महिलाओं के होने वालों बच्चों को पेट की बीमारियां हो सकती हैं। प्लास्टिक में पाया जाने वाले बीपीए रसायन के कारण पेट में मौजूद अच्छे और बुरे जीवाणुओं का संतुलन बिगड़ जाता है। इसके अलावा यह लीवर में दर्द और कोलोन में सूजन का कारण बन सकता है।

शोधकर्ताओं का दावा है कि जन्म से पहले गर्भ में रहने के दौरान ही बच्चे खतरनाक रसायनों के संपर्क में आ सकते हैं। यहां तक कि जन्म के ठीक बाद भी मां के दूध से उनमें खतरनाक रसायन जा सकते हैं। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार जन्म लेने के ठीक बाद मां के दूध से रसायनों के संपर्क में आए बच्चों को आगे की जिंदगी में पेट से संबंधित परेशानियां हो सकती हैं.

दरअसल, बीपीए के नाम से प्रचलित बिस्फेनॉल ए एक तरह का औद्योगिक रासायन है, जिसे साल 1960 से प्लास्टिक बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है.

बीपीए प्लास्टिक के कई कंटेनरों और बोतलों में पाया जाता है. खासतौर सस्ते और खराब क्वालिटी वाले बोतलों में इसका मिलना आम है। शोध में दावा किया गया है कि ऐसे ऐसे प्लास्टिक के बर्तनों में रखा गया खाना आसानी से बीपीए रसायन को सोख लेता है।

## अध्ययनकर्ताओं ने यह अध्ययन खरगोशों पर किया है।

अध्ययन के दौरान पाया गया कि जो खरगोश प्रेग्नेंसी के दौरान बीपीए रसायन के संपर्क में रहे या बीपीए से दूषित खाने व पानी का सेवन किया, उनके बच्चों में जन्म लेने के 7 दिनों बाद से ही पेट से संबंधित परेशानियां उत्पन्न होने लगीं। शोधकर्ताओं ने अध्ययन से निष्कर्ष निकाला कि बीपीए एक्सपोज होने वाले बच्चों में गट बैक्टीरियल डिसबायोसिस विकसित हो जाता है, जिसके कारण उनके लीवर में दर्द, कोलोन सूजन आदि होता है। इसलिए शोधकताओं ने गर्भवती महिलाओं को सुझाव दिया है कि वो खाना या पानी रखने के लिए ऐसी कंटेनर या बोतल का ही इस्तेमाल करें जो बीपीए मुक्त हों।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लैक बेल्ट पाकर 55 ताईक्वांडो खिलाड़ियों के खिले चेहरे

**मुरादाबाद।** जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में 55 ताईक्वांडो खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट का वितरण हुआ। इस दौरान जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ियों को नई तकनीकियां भी समझाई गईं। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि कलर बेल्ट वितरण शिविर में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को एडवांस प्रशिक्षण भी दिया गया। इसमें खिलाड़ियों को नई तकनीक और कौशल के बारे में जानकारी दी गई व आगामी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन दिखा सकें। इस तरह के शिविर का संचालन जिले में अलग-अलग स्थानों पर आगे भी आयोजित होते रहेंगे। इससे जिले के खिलाड़ियों में जागरूकता बनी रहेगी व सभी खिलाड़ी आगामी राज्य, राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरते रहेंगे। आरएसडी एकेडमी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार व डॉ. जी. कुमार ने कहा कि इस समय सभी स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं। इसके बावजूद भी खिलाड़ियों में ताइक्वांडो को लेकर अधिक जोश बना हुआ है। वह खूब पसीना बहा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पढ़ाई के साथ खेल और शारीरिक व्यायाम भी अधिक महत्पूर्ण है।

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 185 रन से हराया, क्लीन स्वीप

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने अपने अंतिम वनडे मुकाबले में 158 रन की विस्फोटक पारी खेलकर टीम को भारत के खिलाफ 185 रन की बड़ी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 3-0 से जीत ली। बेलरीव ओवल में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 409 रन बनाए, जो घरेलू मैदान पर उसका पहला 400 से अधिक का स्कोर है। हीली के अलावा बेथ मूनी ने 84 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाए। अंत में निकोला कैरी ने 15 गेंदों में नाबाद 34 रन की तेज पारी खेली। भारत की ओर से स्नेह राणा (44 रन) ने सर्वाधिक योगदान दिया, लेकिन टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अलाना किंग ने 4 विकेट झटके और भारतीय बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। टॉस जीतकर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले गेंदबाजी चुनी। हीली ने 98 गेंदों में 158 रन की पारी खेलते हुए 79 गेंदों में शतक पूरा किया। यह उनका वनडे करियर का आठवां शतक रहा। उनकी इस पारी के दौरान उन्होंने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। 410 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। स्मृति मंधाना बिना खाता खोले आउट हो गईं। जेमिमा रोड्रिग्स (42 रन) ने कुछ आक्रामक शॉट लगाए, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।

### सलीमा टेटे होंगी कप्तान : 8 से 14 मार्च तक आयोजित होगी प्रतियोगिता

# एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम घोषित

**हैदराबाद ■ एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने हैदराबाद (तेलंगाना) में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए 20 सदस्यीय भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम (भारत) की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 8 से 14 मार्च तक आयोजित की जाएगी। भारत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, इसके बाद 9 मार्च को स्कॉटलैंड और 11 मार्च को वेल्स से मुकाबला करेगा।




इस क्वालीफायर में मेजबान भारत के अलावा इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया की टीमें भाग लेंगी। यहां से तीन टीमें एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 (बेल्जियम और नीदरलैंड्स) के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो अगस्त 2026 में खेला जाएगा। टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल-ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया, जबकि पूल-बी में भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स शामिल हैं।

अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे टीम की कप्तानी संभालेंगी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खरीबाम को सौंपी गई है। डिफेंस में सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड में सलीमा टेटे के साथ नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसाल और दीपिका सोरेंग को जगह मिली है।

फॉरवर्ड लाइन में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू गोल करने की जिम्मेदारी निभाएंगी। मुख्य कोच सजोर्ड मारिजन ने कहा कि टीम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रही है और टूर्नामेंट से पहले दो अभ्यास मैच खेलेगी।

**20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम**

**गोलकीपर :** बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खरीबाम।
**डिफेंडर्स :** सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी।
**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसाल और दीपिका सोरेंग।
**फॉरवर्ड :** नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू।

# दुबई एयरपोर्ट के पास धमाका पीवी सिंधु को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को दुबई एयरपोर्ट के पास हुए धमाके के बाद सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। वह अपनी टीम के साथ एयरपोर्ट पर फंसी हुई थीं, जहां अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण उड़ान संचालन अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया गया था।



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए रवाना हुई थीं, लेकिन हालात बिगड़ने के कारण उन्हें दुबई में रुकना पड़ा। एयरस्पेस बंद होने से कई उड़ानें प्रभावित हुई और यात्री एयरपोर्ट पर ही इंतजार करने को मजबूर हो गए।

सिंधु ने सोशल मीडिया पर बताया, 'स्थिति हर घंटे और भयावह होती जा रही है। कुछ घंटे पहले एयरपोर्ट पर जहां हम ठहरे हुए थे, उसके पास जोरदार धमाका हुआ। मेरे कोच को धुएं और मलबे के सबसे करीब होने के कारण तुरंत वहां से भागना पड़ा। वह हम सभी के लिए बेहद तनावपूर्ण और डरावना पल था।'

उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल सभी सुरक्षित हैं और दुबई एयरपोर्ट स्टाफ व स्थानीय प्रशासन की मदद से उन्हें अधिक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। सिंधु ने दुबई में स्थित भारतीय उच्चायोग का भी विशेष रूप से आभार जताया, जिसने लगातार संपर्क में रहकर सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि अब वे हालात सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं।

क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव के चलते खाड़ी देशों के एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है। इससे एमिरेट्स और एयर इंडिया सहित कई एयरलाइंस की उड़ानें प्रभावित हुई हैं। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। इजरायल के साथ-साथ बहरीन, कुवैत और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाए जाने से पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

# फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल के 63वें संस्करण में एशियाई खेल 2026 पर निशाना, अनीश भानवाला और तनिक्षा खत्री ने की सराहना

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

*देशभर में आयोजित फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल के 63वें संस्करण में भारतीय खिलाड़ियों ने सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने की पहल की जमकर सराहना की। प्रमुख निशानेबाज अनीश भानवाला और अंतरराष्ट्रीय फेंसर तनिक्षा खत्री ने 2026 एशियाई खेलों में पदक जीतने का लक्ष्य दोहराते हुए इस अभियान को जनआंदोलन बताया।*

*राष्ट्रीय राजधानी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग कॉम्प्लेक्स में जुम्बा, योग और रोप स्किपिंग जैसी गतिविधियों के साथ हजार से अधिक लोगों ने भागीदारी की। यह आयोजन गृह मंत्रालय के अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग के सहयोग से देशभर के 1000 स्थानों पर किया गया।*

*टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे अनीश भानवाला ने कहा कि लगातार 63 सप्ताह तक इस अभियान का आयोजन करना सराहनीय है। उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। भानवाला ने कहा कि एशियाई खेल 2026 उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन का रास्ता भी खोलते हैं।*



*वहीं, हरियाणा के करनाल की 23 वर्षीय तनिक्षा खत्री ने कहा कि जून में भारत में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप उन्हें घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का अवसर देगी और फेंसिंग को लोकप्रिय बनाने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि हांगझोउ एशियाई खेलों में वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थीं और इस बार पदक जीतने का लक्ष्य है। विशाखापत्तनम में आरके बीच पर 800 से अधिक साइकिल चालकों और फिटनेस प्रेमियों ने भाग लेकर आयोजन को उत्सव का रूप दिया। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय फिट इंडिया कार्निवल 2026 की शुरुआत का मंच भी बना, जिसमें फिटनेस कार्यशालाएं, प्रतियोगिताएं और जनभागीदारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष अनीमिनी रवि नायडू, विधायक पी.जी.वी.आर. नायडू (गनबाबू) सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ओलंपियन और एशियाई खेल स्वर्ण पदक विजेता जिन्सन जॉनसन ने भी भारतीय एथलीटों के प्रति आशावाद जताया और कहा कि 2026 एशियाई खेलों के लिए देश के मिडिल डिस्टेंस धावक बेहतर तैयारी कर रहे हैं।*

## व्यापार

# सीबीआईसी ने पात्र विनिर्माता आयातकों के लिए विलंबित सीमा शुल्क भुगतान सुविधा प्रारंभ की

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने पात्र विनिर्माता आयातकों के लिए विलंबित सीमा शुल्क भुगतान सुविधा की शुरुआत की है। ये सुविधा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई घोषणा के अनुसार की गई है।

वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में बताया कि सीबीआईसी ने इस संबंध में दिनांक 28 फरवरी, शनिवार को परिपत्र संख्या 08/2026-सीमा शुल्क के जरिए विस्तृत पात्रता शर्तें, आवेदन की प्रक्रिया और परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सीबीआईसी ने पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) नामक आयातकों की एक नई श्रेणी को विलंबित सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा प्रदान की है।

मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय वित्त एवं कारपोरेट कार्य मंत्री द्वारा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई घोषणा के अनुसरण में इस पहल के तहत पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) को माल की निकासी के समय सीमा शुल्क का भुगतान किए बिना आयातित माल की निकासी की सुविधा भी मिलेगी। इसके तहत लागू शुल्क का भुगतान आयात शुल्क विलंबित भुगतान नियम, 2016 के तहत मासिक आधार पर किया जा सकता है। इससे निर्माताओं को नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी का बेहतर प्रबंधन करने में सहायता मिलेगी।




वित्त मंत्रालय के मुताबिक ये सुविधा 01 अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी। विलंबित भुगतान की सुविधा उन ईएमआई के लिए भी उपलब्ध होगी, जो सीमा शुल्क, जीएसटी अनुपालन, व्यवसाय, वित्तीय स्थिति और पिछले रिकॉर्ड से संबंधित निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं। पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले मौजूदा एमएसएमई सहित एईओ-टी1 संस्थाएं भी इसमें भाग लेने के लिए पात्र हैं।

ईएमआई योजना के तहत आवेदन 01 मार्च, 2026 से एईओ पोर्टल www.aeoindia.gov.in पर ''पात्र विनिर्माता आयातक'' टैब के तहत ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। इस सुधार से व्यापार करने में सुगमता में उल्लेखनीय सुधार होने अनुपालन संस्कृति को बढ़ावा मिलने, एईओ कार्यक्रम में व्यापक भागीदारी को बढ़ावा मिलने और घरेलू विनिर्माण को गति मिलने की उम्मीद है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह भारत के विनिर्माण-आधारित और निर्यात-उन्मुख विकास को समर्थन देने के लिए एक पूर्वानुमान योग्य, कुशल और सुगम सीमा शुल्क वातावरण बनाने के प्रति सीबीआईसी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ईएमआई योजना एक विश्वास-आधारित सुविधा उपाय के रूप में तैयार की गई है, जो अनुपालन करने वाले विनिर्माताओं को सरल प्रक्रियाओं से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करती है और उन्हें इसके अधिक अनुपालन के लिए प्रेरित करती है।

### पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई।** पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली और आने वाले सप्ताह में निवेशकों की निगाहें पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेंगी। 28 फरवरी की सुबह अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य कार्रवाई करते हुए ईरान पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका के कुछ ठिकानों सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों पर हमले किए। निवेशक इस बात पर ध्यान देंगे कि क्षेत्रीय परिस्थितियां कैसे बदलती हैं और इन हमलों का वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा भारतीय बाजारों पर क्या असर होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की भू-राजनैतिक घटनाओं के कारण निवेशक जोखिम-से-विमुख रुख अपना सकते हैं। तेल की कीमतों में तेजी आने की संभावना है, जिससे ऊर्जा और पेट्रोलियम क्षेत्र के शेयर प्रभावित हो सकते हैं। वैश्विक बाजारों में दबाव बढ़ने की स्थिति में भारतीय शेयर बाजार में भी नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है।



27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े भी निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण संकेत देंगे। इसके अलावा फरवरी के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े, जनवरी का औद्योगिक उत्पादन और वाहन बिक्री के आंकड़े आने वाले सप्ताह में जारी होंगे। ये आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति, उपभोक्ता मांग और उत्पादन गतिविधियों को दर्शाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सप्ताह बाजार पर सबसे बड़ा दबाव भू-राजनैतिक तनाव का रहेगा। आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी, लेकिन उनका असर अधिकतर चयनित सेक्टरों तक सीमित रहेगा। निवेशक विशेष रूप से तेल, रक्षा, बैंकिंग और उपभोक्ता आधारित शेयरों पर नजर रखेंगे।

### सोयाबीन और मूंगफली तेल के दाम सुधरे, पाम तेल में गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** सरसों की नई फसल की आवक बढ़ने से भाव दबाव में है। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्पादन इस साल बढ़ेगा। सरकार से आग्रह किया गया है कि सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को किया जाए। इससे सरसों का भाव टूटने और कारोबारियों की मनमानी रोकने में मदद मिलेगी। सरकार को 20-25 लाख टन स्टॉक बनाने पर विचार करना चाहिए। सोयाबीन तेल-तिलहन और मूंगफली तेल-तिलहन में कम आवक और अच्छी मांग के कारण दाम में सुधार हुआ। बिनौला तेल के दाम भी सप्ताहांत में सुधरे। वहीं मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट और पाम-पाल्मोलिन तेल की कम कीमत बनी रही। सरकार ने आयात शुल्क बढ़ाकर कच्चा पामतेल 26 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन 124 रुपये प्रति क्विंटल और सोयाबीन डीगम 15 रुपये प्रति क्विंटल। यह घरेलू तेल बाजार को स्थिर करने का प्रयास है। ईरान पर हमले की खबर के बाद आपूर्ति चिंताओं के कारण भी सोयाबीन तेल-तिलहन में तेजी को मदद मिली। उन्होंने कहा कि उपलब्धता में कमी की तथा अच्छी गुणवत्ता के मूंगफली दाने और खाद्य तेल की मांग होने के कारण बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार देखा गया। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह मलेशिया एक्सचेंज में अधिकतम गिरावट का रुख रहने के बीच पाम-पामोलीन तेल के दाम में गिरावट देखी गई। वैसे ईरान पर हुए हमले के बाद आपूर्ति की स्थिति तथा इस तेल के दाम के बारे में अंदाजा सोमवार के कामकाज से मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कम आवक और मांग होने के कारण बीते सप्ताह बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया। मंडियों में कपास नरमा का दाम एमएसपी से 10-12 प्रतिशत नीचे है इस वजह से इसकी आवक प्रभावित है। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 200 रुपये की गिरावट के साथ 6,475-6,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

### घरेलू सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी, सोना और चांदी ने लगाई जोरदार छलांग



**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना और चांदी के भाव ने जोरदार छलांग लगाई। सोना आज 6,560 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 7,040 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 10,100 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई। कीमत में आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,68,710 रुपये से लेकर 1,68,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,54,650 रुपये से लेकर 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,95,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 9,430 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 8,550 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चांदी के भाव में इस सप्ताह 20 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक तेजी आ गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,68,860 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,68,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,54,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,68,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,54,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,68,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,54,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# फरवरी माह में जीएसटी राजस्व संग्रह 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

देश का सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 फीसदी बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इससे पिछले महीने जनवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.71 लाख करोड़ रुपये रहा था। बीते वर्ष की समान अवधि में यह 1.69 लाख करोड़ रुपये था।

जीएसटी महानिदेशालय ने रविवार को जारी आंकड़ों में बताया कि फरवरी महीने में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) जीएसटी राजस्व संग्रह में आयात से प्राप्त राजस्व में हुई उच्च वृद्धि का मुख्य योगदान रहा है। आंकड़ों के अनुसार फरवरी के कुल जीएसटी राजस्व संग्रह में केंद्रीय जीएसटी




(सीजीएसटी) 37,473 करोड़ रुपये रहा है, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,900 करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 1,00,236 करोड़ रुपये रहा।

आंकड़ों के मुताबिक फरवरी महीने में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 फीसदी अधिक है। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये रहा था। फरवरी में 22,595 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया, जो सलाना आधार पर 10.2 फीसदी की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत से लेकर अब तक (1 अप्रैल, 2025 से 1 फरवरी, 2026 तक) जीएसटी राजस्व संग्रह 20,27,033 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सालाना आधार पर 8.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में जीएसटी राजस्व संग्रह 18,71,670 करोड़ रुपये था। फरवरी में महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक में सबसे अधिक जीएसटी राजस्व संग्रह दर्ज किया गया है।

# होली के रंगों से सजे बाजार, ग्राहकों के बीच भारतीय उत्पादों का बोलबाला

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

चांदनी चौक से सांसद तथा कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि देश के छोटे व्यापारियों, कारीगरों, स्टार्टअप्स और घरेलू उद्योगों के लिए भी बड़े आर्थिक अवसर लेकर आता है। उन्होंने कहा कि इस बार बाजारों में भारतीय उत्पादों का बोलबाला है।

प्रवीण खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि इस वर्ष होली पर देशभर में लगभग 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है। विशेष बात यह है कि इस बार बाजारों में स्वदेशी उत्पादों की भरपूर मांग देखी जा रही है। देश के लगभग सभी शहरों और कस्बों में बाजार पूरी तरह सज चुके हैं और व्यापार में तेजी दिखाई दे रही है। इस बार




बाजारों में हर्बल, ऑर्गेनिक और त्वचा के अनुकूल रंगों की मांग लगातार बढ़ रही है। हल्के, केमिकल-फ्री और प्राकृतिक रंग छोटे पैक से लेकर बड़े पाउच तक बड़ी संख्या में बिक रहे हैं। खंडेलवाल ने कहा कि बच्चों और युवाओं के बीच पिचकारियों की भी जबरदस्त मांग है। बाजार में विभिन्न डिज़ाइन की पानी की बंदूकें, पंप वाली पिचकारी और आकर्षक कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियाँ ग्राहकों को खास तौर पर आकर्षित कर रही हैं। खंडेलवाल ने कहा कि होली के अवसर पर रंग-बिरंगे टी-शर्ट, स्कार्फ, होली स्पेशल कुर्ते और कैजुअल कपड़े भी बड़ी मात्रा में खरीदे जा रहे हैं। होली थीम के प्रिंट, स्लोगन और रंगीन डिज़ाइन वाले परिधान युवाओं में विशेष रूप से लोकप्रिय हो रहे हैं।

खान-पान के क्षेत्र में भी होली का बाजार पूरी तरह गुलज़ार है। देशभर में होली मिलन समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और होली उत्सवों के कारण न केवल व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। खंडेलवाल ने कहा कि इस वर्ष बाजारों में स्वदेशी उत्पादों की बढ़ती मांग इस बात का संकेत है कि देश का उपभोक्ता अब भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देते हुए स्वदेशी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कैट ने देशवासियों से अपील की है कि वे इस होली पर स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करें और भारतीय व्यापार एवं उद्योग को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें।

## संक्षिप्त समाचार

### खामेनेई की मौत का मातमः लाइव शो में रो पड़ी पाक एंकर



नई दिल्ली। अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान में तबाही मची हुई है। यूएस और इजरायल लगातार ईरान पर मिसाइलें दाग रहा है. जंग के दौरान ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की भी मौत हो गई है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान के अलावा पूरे पाकिस्तान में भी मातम पसर गया है। पाकिस्तान के कई सेलेब्स फूट-फूटकर रो रहे हैं। पाकिस्तान की फेमस टीवी होस्ट राबिया अनम अपने रमजान स्पेशल शो के दौरान ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत पर दुख जाहिर करती नजर आईं. जंग के बारे में बात करते हुए वो लाइव शो में ही फूट-फूटकर रो पड़ीं। अपने लाइव शो में राबिया अनम बोलीं- ये खबर आई है कि ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई जंग में शहीद हो गए हैं. इन हमलों में खामेनेई की बेटी, दामाद और नवासी भी शहीद हो गए हैं। राबिया ने आगे कहा- इस वक्त पूरा मिडिल ईस्ट जंग की लपेट में आ चुका है. ईरान में पूरी तरह से जंग शुरू हो चुकी है. कुवैत, बहरीन, कतर समेत कई जगह मिसाइलें गिर रही हैं. पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सरहदों पर भी जंग के हालात हैं. सरहदें अब महफूज नहीं हैं। राबिया अनम ने आगे बताया कि जंग के बीच कई पाकिस्तानी मिडिल ईस्ट में फंसे हुए हैं।

### मिडिल ईस्ट में गंभीर सैन्य संघर्ष के बीच पाकिस्तान ने रद्द की 156 उड़ानें

**इस्लामाबाद।** मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) में गंभीर सैन्य संघर्ष और तनाव की स्थिति के बीच पाकिस्तान ने 156 उड़ानें रद्द कर दी हैं। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त सैन्य हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत से तनाव और बढ़ गया है। ईरान जवाब में इजराइल और खाड़ी देशों (यूएई, कतर, बहरीन, कुवैत) में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए हैं। दुबई के बुर्ज अल अरब होटल और पाम जुमेराह जैसे इलाकों में भी धमाकों खबरें मिली हैं। दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान से मिडिल ईस्ट जाने वाली अलग-अलग एयरलाइंस की कम से कम 156 फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, अल्लामा इकबाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कुल 22 और इस्लामाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 18 इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। इससे बड़ी संख्या में यात्री फंस गए हैं। मुल्तान, सियालकोट, पेशावर और क्वेटा के एयरपोर्ट से मिडिल ईस्ट के देशों के लिए जाने वाली कई फ्लाइट्स भी कैंसिल कर दी गईं। इसके अलावा, जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मिडिल ईस्ट के अलग-अलग शहरों के लिए जाने वाली कई फ्लाइट्स को रोक दिया गया।

### खाड़ी देशों की तरफ जाने वाली उड़ानें आज भी रद्द, सैकड़ों यात्री नेपाल हवाईअड्डे पर फंसे

**काठमांडू।** मध्यपूर्व में बढ़ते तनाव का असर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (टीआईए) के संचालन पर भी पड़ा है, जिसके कारण सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। खाड़ी क्षेत्र के कई हवाई अड्डों शारजाह, दोहा, दुबई, कुवैत सिटी, अबू धाबी और दमाम में संचालन निलंबित होने के बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। रविवार को काठमांडू से प्रस्थान और आगमन करने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। शनिवार से ही यात्री हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं और रविवार सुबह कई यात्रियों को असमंजस की स्थिति में प्रतीक्षा करते देखा गया। उड़ान रद्द होने की सूचनाएं चस्पा की गई हैं। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से जारी सूचना के अनुसार अगले आदेश तक कतर एयर, फ्लाई दुबई, एमिरेट्स एयर, कुवैत एयर, एयर अरेबिया सहित नेपाल से खाड़ी देशों में जाने वाले हिमालयन एयरलाइंस और नेपाल एयरलाइंस की उड़ाने भी रद्द की गई है।

### ओमान तट के पास तेल टैंकर पर ईरान का हमला, बचाए गए 15 भारतीय नागरिक

**मस्कट।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने पलाऊ के झंडे वाले तेल टैंकर स्काईलाइट पर हमला किया है। यह हमला उस वक्त किया गया, जब वह ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था। इस दौरान जहाज पर सभी 20 क्रू मेंबर्स को निकाल लिया गया, जिनमें 15 भारतीय नागरिक और 5 ईरानी नागरिक शामिल थे। क्रू के चार मेंबर्स को चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए ले जाया गया है। ओमान न्यूज एजेंसी (ओएनए) ने रविवार को मैरीटाइम सिक्योरिटी सेंटर (एमएससी) के हवाले से बताया कि ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रिपब्लिक ऑफ पलाऊ का झंडा लहरा रहे एक ऑयल टैंकर को मुसंदम गवर्नरेट में खासाब पोर्ट से निशाना बनाया गया।

# भारत को यूरेनियम देगा कनाडा, पीएम मोदी-कार्नी की मुलाकात में कई समझौतों पर हुए साइन

नई दिल्ली ■ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी सोमवार को मुलाकात करेंगे और भारत-कनाडा संबंधों को और गहरा करने की दिशा में कई अहम फैसले लेंगे. इस मुलाकात का मकसद व्यापार, ऊर्जा और महत्वपूर्ण तकनीक के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज साइन किए गए क्रिटिकल मिनरल्स पर रूश से सप्लाई चेन की मजबूती बढ़ेगी. अंतरिक्ष क्षेत्र में हम दोनों देशों की स्टार्टअप्स और उद्योगों को जोड़ेंगे. ऊर्जा क्षेत्र में हम अगले स्तर की साझेदारी बना रहे हैं, जिसमें हाइड्रोकार्बन्स, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा, हम टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में स्वाभाविक साझीदार हैं. भारत-कनाडा इनोवेशन पार्टनरशिप के तहत हम नए विचारों को वैश्विक समाधान में बदलेंगे. मैं प्रधानमंत्री कार्नी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने पिछले महीने भारत में आयोजित इम्पैक्ट समिट की सफलता में कनाडा का महत्वपूर्ण योगदान दिया. हम के साथ-साथ क्वांटम, सुपरकंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर्स में सहयोग बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमें खुशी है कि कनाडा ने अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस और ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस में



शामिल होने का निर्णय लिया है. अपने साझा प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए हम इस साल भारत-कनाडा रिन्यूएबल एनर्जी और स्टोरेज समिट आयोजित करेंगे. नागरिक परमाणु ऊर्जा में हमने लंबी अवधि के लिए यूरेनियम सप्लाई का एक महत्वपूर्ण समझौता किया है. हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत रिएक्टरों पर भी साथ काम करेंगे। कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू और केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस और संयुक्त पल्स प्रोटीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर डिक्लेरेशन ऑफ इंटेंट के दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं अपने मित्र प्रधानमंत्री कार्नी को हमारे सहयोग में बढ़ती गति के लिए श्रेय देता हूं. भारत और कनाडा लोकतांत्रिक मूल्यों में अडिग विश्वास रखते हैं. हम विविधता का जश्न मनाते हैं. मानवता की भलाई हमारी साझा दृष्टि है. यही दृष्टि हमें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है. आज हमने इस दृष्टि को अगले स्तर की साझेदारी में बदलने पर चर्चा की. हमारा लक्ष्य 2030 तक व्यापार को 50 बिलियन डॉलर तक ले जाना है. आर्थिक सहयोग की पूरी संभावनाओं को अनलॉक करना हमारी प्राथमिकता है. इसलिए हमने जल्द ही व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है।

लाल चौक पर सुरक्षाबलों की भारी तैनाती

# इंटरनेट पर ब्रेक, सड़कों पर बैरिकेड खामनेई की मौत पर कश्मीर में मातम

श्रीनगर ■ एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता सैयद अयातुल्ला अली खामनेई की मौत के बाद कश्मीर में विरोध प्रदर्शन भड़क उठे, जिसके चलते प्रशासन ने मोबाइल इंटरनेट की रफ्तार कम कर दी और कई इलाकों में सख्त पाबंदियां लगा दीं। लाल चौक समेत संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई, स्कूल बंद कर दिए गए और शांति बनाए रखने की अपील की गई।

अमेरिका और इस्राइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता सैयद अयातुल्ला अली खामनेई की मौत की खबर आते ही घाटी में शिया बहुल इलाकों में प्रदर्शन हुआ, इसके बाद कश्मीर घाटी में सोमवार को मोबाइल इंटरनेट की रफ्तार कम कर दी गई और कई इलाकों में कड़ी पाबंदियां लगा दी गईं।

अधिकारियों के अनुसार, तेहरान में शनिवार को अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हमले में खामनेई की मौत हो गई थी। ईरानी सरकारी मीडिया ने रविवार को इसकी पुष्टि की, जिसके बाद दुनिया के कई हिस्सों की तरह कश्मीर में भी शोक और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। घाटी में लगभग 15 लाख शिया आबादी है। श्रीनगर के लाल चौक, सईदा कदल, बडगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग और पुलवामा सहित कई इलाकों में लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया।



प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ नारे लगाए और मातम मनाया।स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने घाटी में हाई-स्पीड मोबाइल इंटरनेट सेवा को धीमा कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन उठाया गया है।श्रीनगर के ऐतिहासिक घंटाघर, लाल चौक के आसपास बैरिकेड्स लगाकर इलाके को सील कर दिया गया है। शहर में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त तैनाती की गई है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। कई प्रमुख चौराहों पर कंटीले तार और बैरिकेड्स लगाए गए हैं। शिया बहुल इलाकों में भी इसी तरह की पाबंदियां लागू की गई हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों को दो दिनों के लिए बंद रखने का फैसला किया है।

इस बीच, मुत्तहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) के अध्यक्ष मीरवाइज ने एक दिन के बंद का आह्वान किया है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इस बंद का समर्थन पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती समेत कई राजनीतिक दलों ने किया है। वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस के वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने खामनेई की मौत की खुलकर निंदा नहीं की। सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने खामनेई की मौत की खुलकर निंदा नहीं की। मेहदी ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री इस घटना की निंदा करने का साहस नहीं दिखा सकते, तो उनकी चिंता जताने का कोई महत्व नहीं है। हालांकि, नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने एक बयान जारी कर इस हमले की कड़ी निंदा की है और इसे क्षेत्रीय शांति के लिए गंभीर खतरा बताया है।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान पर विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रमुख की सराहना

नरेंद्र मोदी की पहल को मिला समर्थन

हरिद्वार ■ एजेंसी

महिलाओं के लिए शुरू किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार की पहल की सराहना की है। इस अभियान का उद्देश्य लड़कियों को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से बचाव के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वास्थ्य मंत्रालय की प्रशंसा करते हुए लिखा कि लड़कियों को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से बचाने के लिए देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू करना महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वैश्विक स्तर पर मिलकर काम करने की आवश्यकता है, ताकि महिलाएं इस रोकथाम योग्य बीमारी से मुक्त जीवन जी सकें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अजमेर से 14 वर्ष की लड़कियों के लिए देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की। इस पहल को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को समाप्त करने की दिशा में राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में



स्थापित किया गया है। भारत में महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर शामिल है।

यह अभियान हर वर्ष सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 1.15 करोड़ 14 वर्ष की लड़कियों को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है। वैक्सीन निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। टीकाकरण आयुष्मान आरोग्य मंदिर (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-जिला और जिला अस्पतालों के साथ-साथ सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में किया जाएगा। प्रत्येक सत्र का पर्यवेक्षण प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारी करेंगे, जिन्हें कुशल स्वास्थ्य देखभाल टीमें सहयोग देंगी।

सभी टीकाकरण स्थलों पर फंक्शनल कोल्ड चेन पॉइंट (सीसीपी) उपलब्ध होंगे, ताकि वैक्सीन की गुणवत्ता सुनिश्चित रहे। किसी भी दुर्लभ प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) की स्थिति में तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत, क्षेत्रीय हालात पर जताई भारत की चिंता

नई दिल्ली ■ एजेंसी

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से टेलीफोन पर बातचीत की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने हाल के घटनाक्रमों पर भारत की चिंताओं से अवगत कराया और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से क्षेत्रीय स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने जोर दिया कि भारत संघर्ष को जल्द समाप्त करने की आवश्यकता को दोहराता है और शांति, सुरक्षा तथा स्थिरता के पक्ष में है।

इससे पहले एक मार्च, रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, राष्ट्रपति संयुक्त अरब अमीरात से फोन पर बातचीत की थी। उन्होंने खाड़ी देश पर हुए हालिया हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इस कठिन समय



में यूएई के साथ भारत की एकजुटता व्यक्त की।

पीएम मोदी ने यूएई में रह रहे बड़े भारतीय समुदाय की देखभाल के लिए वहां के नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भारत तनाव कम करने, क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता का लगातार समर्थन करता रहेगा।

ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के निधन की खबर सामने आई है, जिसके बाद देश में 40 दिनों के शोक की घोषणा किए जाने की बात कही गई। ईरान में पवित्र स्थल इमाम रजा दरगाह पर काला झंडा फहराए जाने और भारत स्थित ईरानी दूतावास में झंडा आधा झुकाने की भी जानकारी दी गई है। साथ ही विभिन्न देशों से अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई की आलोचना करने की अपील की गई है।

# यूपी में भीषण हादसाः उन्नाव में एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक से टकराई रोडवेज बस

तीन यात्रियों की मौत, 31 घायल

लखनऊ-आगरा ■ एजेंसी

एक्सप्रेसवे पर सिरधरपुर और देवखरी गांव के पास मथुरा और आगर डिपो की दो रोडवेज बसें एक ही ट्रक में भीड़ गईं। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि दोनों बसों के 31 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को बांगरमऊ सीएचसी भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों घटनाएं चालक को झपकी आने से बताई जा रही हैं।

एक्सप्रेसवे पर रविवार रात 12 बजे एक ट्रक किलोमीटर संख्या 226 सिरधरपुर गांव के सामने सड़क घेरकर खड़ा था। रात करीब 12 आगरा फोर्ट की बस खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ गई। हादसे में 14 सवारी घायल हो गईं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच एंबुलेंस से सभी



घायलों को बांगरमऊ स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया साथ ही हाइड्रा मंगाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने का प्रयास शुरू किया।

पुलिस रोडवेज बस हटवाने के बाद रात्रि 2:30 बजे क्षतिग्रस्त ट्रक को प्रीतमपुरा चौकी ले जाया जा रहा था, तभी आगरा फोर्ट की ही दूसरी रोडवेज बस इस ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में तीन सवारियों की मौत हो गई उसमें बैठी 17 सवारियां घायल हो गईं। फिर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को स्वास्थ्य केंद्र लाई। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बसों के घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

खामेनेई की मौत के बाद कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़प

# सुरक्षाकर्मियों ने चलाई गोलियां 9 लोगों की मौत, 18 घायल

*इस्लामाबाद ■ एजेंसी*

*ईरान पर रविवार सुबह इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमेनेई की मौत की खबर से पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में लोग भड़क गए हैं। हजारों प्रदर्शनकारी आज कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर जमा होकर नारेबाजी की। इस दौरान हुई झड़प के बाद अमेरिकी सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां चला दीं, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सिंध के गृह मंत्री*



*ने पुलिस से घटना की रिपोर्ट तलब की है।*

*जियो टीवी ने सरकारी अस्पताल के अधिकारियों के हवाले से बताया है कि कराची में आज दोपहर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर अमेरिका और इज़राइली हमलों का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान कम-से-कम 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।घटना को लेकर इस्लामाबाद स्थित यूएस दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बयान जारी कर अपने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। इसमें कहा गया है कि, व्रहम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के समक्ष चल रहे प्रदर्शनों की खबरों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास और पेशावर में वाणिज्य दूतावास के समक्ष प्रदर्शनों के आह्वान पर भी हमारी नजर है। पाकिस्तान में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचारों पर नजर रखने और व्यक्तिगत सुरक्षा के अच्छे उपाय के साथ सतर्कता, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने की सलाह दी जाती है।' इससे पहले उग्र प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजराइल पर मध्य पूर्व में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए बैरिकेड तोड़े दिए। भीड़ ने अमेरिकी प्रतीकों को निशाना बनाया और दूतावास परिसर के एक हिस्सों में आग लगा दी।*

# पुडुचेरी में शुरू हुआ सीबीडीसी आधारित डिजिटल फूड करंसी पायलट

*नई दिल्ली ■ एजेंसी*

भारत सरकार ने खाद्य वितरण प्रणाली को और पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पुडुचेरी में सीबीडीसी (सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी) आधारित डिजिटल फूड करंसी पायलट की शुरुआत की है। यह पहल प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) मॉडल के माध्यम से लागू की गई है।इस नई व्यवस्था के तहत अब खाद्य सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों की बजाय उनके डिजिटल वॉलेट में भेजी जाएगी। लाभार्थी इस डिजिटल कूपन या वाउचर का इस्तेमाल कर फेयर प्राइस शॉप्स से अपने हक का राशन प्राप्त कर सकेंगे।केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इस पहल को खाद्य सुरक्षा व्यवस्था में बड़ा सुधार बताते हुए कहा कि का उपयोग पारदर्शिता, दक्षता और लाभार्थियों की सशक्त भागीदारी को बढ़ाएगा। इस प्रणाली में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी प्रोग्रामेबल डिजिटल करेंसी का उपयोग किया जाएगा। इससे लेनदेन सुरक्षित, ट्रैसेबल और रियल-टाइम में संभव होगा।

सरकार ने पिछले वर्षों में क्कष्ठस् सिस्टम में कई डिजिटल सुधार किए हैं, जिनमें वन नेशन वन राशन कार्ड, आधारित ऑथेंटिकेशन और डेटा आधारित मॉनिटरिंग शामिल हैं। ष्टक्चष्ठष्ट आधारित डिजिटल फूड करंसी को इसी सुधार यात्रा का अगला चरण माना जा रहा है।केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस पायलट को जल्द ही 3-4 अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक बढ़ाया जाएगा। परिणामों के विश्लेषण के बाद इसे देशभर में लागू करने पर निर्णय लिया जाएगा।




अध्यक्षता

# डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**2 मार्च, 2026 । पूर्वाह्न 11:30 बजे । नागलवाड़ी, बड़वानी**

*वर्ष 2026 को हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। हमारा ध्येय कृषि को औद्योगिक गतिविधियों से जोड़कर किसानों की आय में स्थायी वृद्धि करना और कृषि को पारंपरिक उत्पादन से आगे ले जाकर अन्नदाता की समृद्धि सुनिश्चित करना है।*

*- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री*

## अन्नदाता के साथ, प्रदेश का विकास

### उड़द प्रोत्साहन योजना 2026

उड़द किसानों को मिलेगा एमएसपी के अतिरिक्त ₹600 प्रति क्विंटल बोनस का सीधा लाभ।

लगभग 3 लाख हेक्टेयर संभावित बोनी क्षेत्र से बढ़ेगा उत्पादन एवं किसानों की आय।

### भावांतर योजना- सरसों 2026

सरसों उत्पादन में वृद्धि को देखते हुए 15.71 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान।

फसल की सही कीमत सुनिश्चित करने हेतु भावांतर योजना में शामिल करने का प्रस्ताव केन्द्र को प्रेषित।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन

आगामी 5 वर्षों तक निरंतरता के साथ धान, गेहूं, दलहन, मोटा अनाज एवं नगदी फसलों का विस्तार।

₹3285.49 करोड़ की स्वीकृति से खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय वृद्धि।

### प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना

पर ड्रॉप मोर क्रॉप परियोजना की 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक निरंतरता स्वीकृत करते हुए ₹ 2393.97 करोड़ के प्रावधान से सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा, जल संरक्षण एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना

कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु 2031 तक निरंतरता के लिए ₹2008.68 करोड़ की स्वीकृति से कृषि अधोसंरचना और नवाचार को बल।

### राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन

प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु आगामी 5 वर्षों के लिए ₹ 1101 करोड़ के निवेश से टिकाऊ खेती और लागत में कमी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम।

### राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन

मिशन को गति देने 5 वर्ष की निरंतरता के लिए ₹1793.87 करोड़ की स्वीकृति से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में खाद्य तेल उत्पादन में वृद्धि को मिलेगा बल।

### चना, मसूर एवं तुअर का उपार्जन

दलहन किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सुनिश्चित करने की पहल, प्रस्ताव केन्द्र को प्रेषित।

## होली पर्व की हार्दिक मंगलकामनाएं

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026

D-11215/25

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित । फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा।प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल ।मोबाईल नं. 9827054436 ।